## खबर संक्षेप

### प्रगति डोंगरे ने बढ़ाया शाला का गौरव



**परासिया।** संत चावरा नेशनल अकादमी चांदामेटा की छात्रा प्रगति डोंगरे ने JEE Advanced में 3609 रैंक हासिल कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया। विद्यालय के प्राचार्य फादर जैसन ने प्रगति की इस अप्रतिम सफलता पर उसे शुभकामनाएं दी तथा निरंतर अपने लक्ष्य की ओर आगे बढ़ने का आशीर्वाद दिया।साथ ही समस्त शिक्षकगणों ने बधाई दी।प्रगति ने अपनी इस सफलता का श्रेय अपने माता - पिता तथा गुरुजनों को दिया।

### दीवार लेखन कर ग्रामीणों को किया जागरूक

**छिन्दवाड़ा।** कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह के निर्देशानुसार म.प्र.जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक श्री अखिलेश कुमार जैन के मार्गदर्शन एवं म.प्र.जन अभियान परिषद के विकासखंड समन्वयक श्री संजय बामने के नेतृत्व में आज विकासखंड जुन्नारदेव की ग्राम पंचायत चिखलमऊ के छोटा मोहल्ला में जल को सहेजने व बचाने के लिए बीएसडब्ल्यू की छात्रा सलोनी कुमरे द्वारा अपने प्रायोगिक ग्राम चिखलमऊ में ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति सदस्य के साथ मिलकर जल संरक्षण करने के लिए दीवार लेखन का कार्य किया गया और जल के प्रति ग्रामीणों को जागरूक कर जल को बचाने के लिये शपथ भी दिलाई गई ।

### राष्ट्र-गान एवं राष्ट्र-गीत के गायन के बाद प्रारंभ हुई गतिविधियां

**छिन्दवाड़ा।** राज्य शासन के निर्देशानुसार आज माह के प्रथम कार्यदिवस पर राष्ट्र-गान एवं राष्ट्र-गीत गायन के बाद कार्यालयीन गतिविधियां प्रारंभ हुईं। कलेक्टर कार्यालय के प्रांगण में कलेक्टर श्री शीलेन्द्र सिंह के मार्गदर्शन में प्रभारी एडीएम एवं संयुक्त कलेक्टर श्रीमती अंकिता त्रिपाठी व डिप्टी कलेक्टर श्री आर.के.मेहरा के साथ विभिन्न विभागों के अधिकारियों व कर्मचारियों ने राष्ट्र-गान 'जन गण मन' एवं राष्ट्र-गीत 'वंदे मातरम्' का सामूहिक गायन किया।

---

### प्रतिदिन लगभग 20 से 25 मरीज हो रहे भर्ती, उल्टी दस्त के मरीजों में हो रहा इजाफा

# अस्पताल में रोजाना पहुंच रहे सैकड़ों मरीज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छिन्दवाडा



पिछले एक महीने से मौसम में आए दिन परिवर्तन देखने मिल रहा है। आए दिन हो रही बारिश से जहां उमस बढ़ रही है। यही मौसम में ठंडक भी घुल रही है। अचानक मौसम में हो रहे परिवर्तन से उल्टी दस्त और बुखार के मरीजों में इजाफा हो गया है।

सरकारी अस्पताल के आंकड़ों पर गौर करें तो रोजाना ओपीडी 8 सौ से 12 सौ पहुंच रही है। जिनमें 2 सौ से अधिक बच्चे, महिला और पुरुष उल्टी दस्त और बुखार से पीड़ित है। इनमें से अधिकांश मरीज इलाज कराने के बाद वापस घर लौट रहे है। वहीं 20 से 25 मरीज रोजाना अस्पताल के वार्डों में भर्ती हो रहे है। मेल बार्ड और फीमेल वार्ड में रोजाना 20 से अधिक मरीजों की सं या पहुंच रही है। वहीं बच्चा वार्ड की बात करें तो यहां भी उल्टी दस्त और बुखार के 25 मरीज भर्ती हो रहे है।

इस मामले में विशेषज्ञों का कहना है कि मौसम गर्म और ठंडा होने का असर स्वास्थ्य पर पड़ रहा है। ऐसे मौसम में दूषित पानी और दूषित भोजन भी सबसे बड़ा कारण माना जाता है। वही बाहर बिक रहे चटपटे व्यंजनों से लीवर में इफेक्शन होने से बीमारी से घिर जाते है।

विशेषज्ञों ने साफ स्वच्छ पानी, भोजन और बाहर के खाना खाने से परहेज करें। इससे इस बीमारी बचा जा सकता है।निजी अस्पताल में भी लग रही भीड़शासकीय अस्पतालों में उल्टी दस्त और बुखार के मरीज पहुंच रहे है। वहीं शहर भर में निजी अस्पताल और क्लिनिकों की संख्या 50 से अधिक है। निजी अस्पतालों और क्लिनिकों में भी इस बीमारी से ग्रसित मरीजों की लंबी लंबी कतारें देखी जा रही है। निजी अस्पतालों में भी मरीज भर्ती हो रहे है।

#### अपने स्वास्थ्य का रखें ध्यान

दूषित पेयजल और खाद्य पदार्थ खाने से बचें। अधिक से अधिक साफ स्वच्छ पानी पिए। जूस और फलों का अधिक उपयोग करें। खाना से पहले हाथों को अच्छे से साफ करें। खाने के साथ सलाद का उपयोग जरूर करें। भोजन ताजा करें, फ्रिज में रखे भोजन से बचें। तेज धूप में जाने से और बहुत ठंडा पानी पीने से बचें.मौसम में परिवर्तन होने उल्टी, दस्त और बुखार के मरीज बढ़ रहे है। पसीना निकलने से शरीर में पानी की मात्रा कम हो जाती है। इसलिए पानी अधिक से अधिक पिए। दुषित भोजन और पानी से बचें। बाहर के चटपटे व्यंजनों से भी बचे। बासे भोजन से परहेज करें।

---

### 8 गांवों में पहुंचकर सांसद ने बताई भाजपा सरकार की उपलब्धियां

# दूसरे दिन 29 किलोमीटर की पदयात्रा कर ग्रामीणों के बीच पहुंचे सांसद



हरिभूमि न्यूज ▶▶| छिन्दवाडा

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की विकसित भारत संकल्प यात्रा और मेरा गांव मेरा सांसद अभियान के अंतर्गत 3 दिवसीय पदयात्रा पर निकले सांसद बंटी विवेक साहू ने यात्रा के दूसरे दिन 29 किलोमीटर की पदयात्रा करते हुए 8 गांवों सहित छोटे मंझरे टोले में पहुंचकर ग्रामीणों से मुलाकात करते हुए उनसे संवाद किया और उन्हें भाजपा सरकार के विकास कार्यों की जानकारी दी। नौतपे की तपती ओर चिलचिलाती धूप के बीच ग्रामीणजनों ने सांसद बंटी विवेक साहू का भव्य आत्मीय स्वागत किया।

सांसद श्री साहू ने पदयात्रा के दौरान जहां ग्राम अपतरा में विकास कार्यो का लोकार्पण किया वहीं माढ़ई माल में खेतों में काम कर रहे ग्रामीणों से खेतों में ही जाकर मुलाकात की और उनसे संवाद करते हुए उन्हें आधुनिक एवं जैविक खेती करते हुए अधिक उत्पादन करने की सलाह दी। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणजनों को श्रीमद् भागवत गीता भेंट की।

पदयात्रा के दूसरे दिन डोमरी से पदयात्रा का शुभारंभ किया गया। सांसद श्री साहू भाजपा के पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं और अपने साथियों के साथ 29 किलोमीटर की पदयात्रा कर ग्राम माढ़ई माल, मोरडोंगरीकलां, मोरडोंगरी खुर्द, ख़जरी अंतू, सिंदरई रैयत, लामनिया, कोठार में ग्रामीणों से मिलते हुए कटकुही पहुंचे। पदयात्रा के दौरान सांसद श्री साहू ने ग्रामीणजनों का भव्य आत्मीय स्वागत करने पर आभार जताते हुए उन्हें श्रीमद्भागवत गीता भेंट की। सांसद श्री साहू ने ग्राम कटकुही में चौपाल लगाकर लोगों की समस्याएं सुनी और उसका समाधान किया, उन्होंने ग्राम कटकुही में ही रात्रि विश्राम किया।

#### सांसद ने ग्रामीणों को दी योजनाओं की जानकारी

अपनी पदयात्रा के दौरान गांवों में आयोजित किये गये कार्यक्रमों में सांसद बंटी विवेक साहू ने ग्रामीणों से संवाद कर उन्हें भाजपा सरकार द्वारा संचालित की जा रही योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने ग्रामीणों को बताया कि हमारी सेनाओं ने जिस तरह ऑपरेशन सिंदूर को सफलता पूर्वक पूरा किया है, उस पर हम सभी देशवासियों को गर्व है। उन्होंने बताया कि हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत को विकसित बनाने का संकल्प लिया है, प्रधानमंत्री का संकल्प है कि जन-जन तक सरकार की योजनाओं का लाभ पहुंचे। उन्हीं की मंशा के अनुरूप आज लोगों को सरकार की विभिन्न योजनाओं का सीधा लाभ मिल रहा है।

#### सांसद ने विकास कार्यों का किया लोकार्पण

पदयात्रा के दौरान देखा गया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में गांव-गांव विकास की बयार बह रही है। सांसद श्री साहू ने ग्राम पिपरिया माल के आंगनवाडी भवन का लोकार्पण किया। सात लाख 80 हजार की लागत से निर्मित इस भवन के बनने से अब ग्राम के बच्चों और गर्भवती माताओं को अपने निवास के नजदीक ही सुविधा मिल सकेगी। वहीं ग्राम अपतरा के 4 लाख 25 हजार रुपए की लागत से बने सामुदायिक भवन और 4.19 लागत से निर्मित सीसी नाली का भी लोकार्पण किया।

---

# अटल पेंशन योजना का लाभ उठाने के लिए अधिक से अधिक लोगों को प्रेरित करने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छिंदवाड़ा

कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह ने आज कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित टीएल बैठक में समय सीमा के लंबित प्रकरणों की विभागवार विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने बैठक में सीएम हेल्पलाइन, सीएम कार्यालय, सीएम हाउस, विभिन्न आयोगों, वरिष्ठ कार्यालयों एवं न्यायालयों से जुड़े लंबित प्रकरणों की भी समीक्षा की। साथ ही विभिन्न समसामयिक एवं अंतर्विभागीय मुद्दों पर भी चर्चा की और महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश दिए।

#### सीएम हेल्पलाइन शिकायतों पर अभी से ध्यान दें, ए ग्रेड मेंटेन रखें

कलेक्टर श्री सिंह ने सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों के गुणवत्ता और समयबद्ध निराकरण के लिए माह की शुरुआत से ही ध्यान देने के निर्देश सभी अधिकारियों को दिए हैं। गत माह जिला ए ग्रेड में रहा है, इसे आगे भी बनाए रखना है। इसके लिए उन्होंने प्रभारी अधिकारी को अभी से जिला कंट्रोल रूम शुरू करने और निराकरण योग्य अधिक से अधिक शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर संतोषजनक समाधान सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने जन आकांक्षा पोर्टल पर सीएम हाउस से प्राप्त 341 लंबित पत्रों का जबाव यथाशीघ्र दर्ज करने के निर्देश सभी संबंधित अधिकारियों को दिए हैं।

#### टीएल के लंबित प्रकरणों के शीघ्र निराकरण के निर्देश

कलेक्टर श्री सिंह ने गत टी एल बैठक में दिए निर्देशों का पालन सुनिश्चित नहीं करने वाले अधिकारियों पर नाराजगी जाहिर की और सभी टीएल प्रकरणों को गंभीरता से लेने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री सिंह ने कहा कि यदि टीएल बैठक में शामिल प्रकरणों का समय-सीमा में समाधान नहीं किया गया, तो संबंधित अधिकारी निराकरण न होने तक वेतन रोका जाएगा। साथ ही लगातार चलने वाले प्रकरणों में साप्ताहिक प्रगति के आंकड़े अनिवार्य रूप से प्रस्तुत किए जाएं।

#### अटल पेंशन योजना से अधिक से अधिक लोगों को जोड़ने के निर्देश

कलेक्टर श्री सिंह ने बताया कि शासन की अटल पेंशन योजना बहुत फायदेमंद है। इसका कोई भी व्यक्ति लाभ उठा सकता है। इसके लिए अपने बैंक में जाकर एक फॉर्म भरकर शाखा मैनेजर को देना होगा। 18 से 40 वर्ष आयु के व्यक्ति इसमें शामिल हो सकते हैं। निर्धारित फॉर्म भरने के बाद हर माह उम्र और पेंशन के अनुसार 90 रुपए से 300 रुपए तक की राशि उनके खाते से प्रीमियम के रूप में काटी जाएगी। 60 वर्ष की आयु पूर्ण करने पर हर माह 1000 से 5000 हजार रुपए तक की पेंशन प्राप्त होगी ,जो बुजुर्गों के जीवन यापन के लिए मददगार साबित होगी। उन्होंने सभी एसडीएम को अभियान चलाकर पीएम स्वनिधि योजना, लाडली बहना योजना, मनरेगा श्रमिकों, आहार अनुदान योजना के हितग्राहियों, सचिव, जी.आर. एस, पीएम स्व निधि योजना के हितग्राहियों, पटवारी आदि सभी को इस योजना का लाभ उठाने के लिए प्रेरित करने के निर्देश दिए हैं। बीते दिनों भोपाल में आयोजित लोकमाता देवी अहिल्या महिला महासम्मेलन में जिले के नवाचार ' वॉश ऑन व्हील्स ' की देश के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा सराहना और जिले की स्वच्छता साथी अनामिका बेलवंशी को उनसे संवाद का अवसर मिलने पर जिले की पूरी टीम को बधाई दी। साथ ही इस नवाचार को पूरे प्रदेश में लॉन्च करने के लिए बनी प्रदेश स्तरीय कमेटी में सीईओ जिला पंचायत छिंदवाड़ा श्री अग्रिम कुमार को अध्यक्ष बनाए जाने की उपलब्धि पर भी बधाई और शुभकामनाएं दीं।

---

### श्रमदान कर आसपास के क्षेत्रों व जल स्रोतों की साफ-सफाई की गई



**छिन्दवाड़ा।** कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह के निर्देशानुसार म.प्र.जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक श्री अखिलेश जैन के मार्गदर्शन एवं विकासखंड समन्वयक श्री संजय बामने के नेतृत्व में आज विकासखंड जुन्नारदेव की ग्राम पंचायत जुन्नारदेव विशाला में एमएसडब्ल्यू एवं बीएसडब्ल्यू की छात्र-छात्राओं द्वारा ग्रामीणों के साथ मिलकर ग्राम के आसपास क्षेत्रों में साफ- सफाई की गई और जल के अंदर गिरा हुआ कूड़ा-करकट को भी निकालकर बाहर फेंका गया। साथ ही जल संरक्षण की शपथ भी ली गई। इस कार्यक्रम में परामर्शदाता सुश्री योगिता मर्सकोले, श्रीमती आयुषी मालवीय, एमएसडब्ल्यू की छात्रा कु.किरन, दीपिका धुर्वे, बीएसडब्ल्यू की छात्रा उषा झरबड़े, एवं सभी ग्रामीण महिलाओं का सहयोग रहा।

---

### बिना अनुमति सागौन के पेड़ काटने पर राजस्व विभाग ने की कार्रवाई




**चौरई ।** एक ओर जहां सरकार इमारती पेड़ों की सुरक्षा के लिए करोड़ों रुपये खर्च कर रही है, वहीं दूसरी ओर चौरई विकास खंड के ग्राम कलकोटी में राजस्व भूमि पर दिनदहाड़े सागौन पेड़ को काटा गया। डूब क्षेत्र में सागौन की अवैध कटाई शीर्षक से अखबारों में खबर प्रकाशित होने के बाद संबंधित विभाग नींद से जागा है। तहसीलदार ने राजस्व निरीक्षक एवं पटवारी को भेजकर मौके का निरीक्षण कर पंचनामा बनवाया। डूब क्षेत्र के कलकोटी ग्राम में भाजपा कुण्डा मंडल अध्यक्ष धरम सिंह वर्मा द्वारा डूब मे गईं भूमि पर लगे सागौन के पेड़ बिना अनुमति काट दिया गया। ग्रामीण के माध्यम से जब इस बात की जानकारी एस डी एम प्रभात मिश्रा को दी गई तो उन्होंने राजस्व निरीक्षक एवं पटवारी को भेजकर मौका मुआयना कर पंचनामा बनाया। इस संबंध में कालकोटी निवासी आशा राम पिता बल्ली लोधी का कहना है कि अनुमति के बिना पेड़ को धरम सिंह वर्मा पिता शम्भू दयाल वर्मा द्वारा काटा गया हैं।उक्त मामले मे पटवारी के द्वारा पंचनामा बनाकर तहसीलदार को सौपा गया.आगे की कार्यवाही की जा रही है।

---

# जन समस्या का निराकरण न होने पर दी उग्र आंदोलन की चेतावनी

### वार्डवासी है आक्रोशित, समस्याओं का तत्काल निराकरण करने सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जुन्नारदेव

जुन्नारदेव वर्तमान में एमपी आरडीसी द्वारा बंधा रोड मै नाली निर्माण कार्य किया जा रहा है विगत सप्ताह में 10 मिनट की बारिश मैं जल भराव की स्थिति को देखते हुए वर्तमान नाली निर्माण उसके अनुकूल नहीं है क्योंकि उसकी अपेक्षा अनुसार नाली छोटी बनाई जा रही है महाराष्ट्र बैंक के आगे कई घरों के सामने खुदाई न होने के कारण घरों के पानी निकासी भी नहीं हो पा रही है इसी स्थिति में बारिश में घरों में पानी घुसने की पूर्ण संभावना व्यक्त की गई है अतः हम सभी वार्डवासी चाहते हैं कि वर्तमान में जो नाली निर्माण किया जा रहा है इसकी गहराई कम से कम 2 फीट और अधिक खुदाई कर निर्माण कार्य किया जाए जिसे भविष्य में अंबेडकर चौक में कभी भी जल भराव की स्थिति निर्मित नहीं होगी।

यदि उपरोक्त निर्माणकर जनहित में नहीं किए जाते हैं तो नगर एवं वार्ड की जनता उग्र आंदोलन एवं चक्का जाम करने पर विवश हो जाएगी उपरोक्त मांगों को लेकर एसडीम महोदय के नाम से ज्ञापन देते समय बबलू विश्वकर्मा श्याम यदुवंशी अरुणेश जायसवाल हेमंत धंडोरे सुदीप चौहान अरविंद धंडोरे गुरदयाल दीनदयाल रामपुरे नारायण यदुवंशी विनोद यादव बड़ी संख्या में वार्ड वासी उपस्थित थे।

### बंधा रेलवे फाटक होगा बंद, रेल विभाग करेगा मरम्मतीकरण का कार्य

**जुन्नारदेव।** नगर से परासिया, छिंदवाड़ा व दमुआ पहुंच मार्ग पर स्थित बंधा रेलवे फाटक आज रात्रि से कल अल सुबह तक बंद रहेगा। इस बंधा रेल फाटक को रेलवे के वरिष्ठ खंड अभियंता (रेल पथ) विभाग के द्वारा अनुरक्षण एवं नवीनीकरण कार्य किया जाना है। जुन्नारदेव रेलवे के वरिष्ठ खंड अभियंता (रेलपथ) जुन्नारदेव कार्यालय के द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार नगर के बंधा रोड पर स्थित रेलवे फाटक क्रमांक **AP** - 37 रेलवे किलोमीटर क्रमांक 943/100 - 943/ 200 आज 3 जून 2025 की रात्रि 10 बजे से 4 जून 2025 को प्रातः 8 बजे तक बंद रखा जाएगा। इस अवधि में रेलवे फाटक के बंद हो जाने से किसी भी प्रकार के यातायात के साधनों का आवागमन प्रतिबंधित रहेगा। इस आशय की सूचना वरिष्ठ खंड अभियंता (रेल पथ) जुन्नारदेव के द्वारा स्थानीय प्रशासन को भी प्रदान कर दी गई है।

---

# देहात थाना प्रभारी ने लैला मजनुओं को लगाई फटकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छिंदवाड़ा

देहात थाना अंतर्गत आने वाले काराबोह डैम में आए दिन युवक युवतियां आपत्तिजनक स्थिति में पाए जाने की सूचना देहात थाना पुलिस को मिल रही थी। आज थाना प्रभारी जी एस राजपूत अपने थाना बल के साथ काराबोह डैम पहुंचे । पुलिस को देखते ही युवक युवतियां ने भागने का असफल प्रयास किया। टी आई द्वारा जोड़ों को चेतावनी देकर समझाया गया कि इस तरह न घूमे अपना अपने घरवालों का भी ख्याल रखें दोबारा मिलने पर सख्त कार्यवाही करने की चेतावनी देकर छोड़ा गया। ज्ञात हो कि पूर्व में काराबोह मै घूम रहे युवक युवती के साथ कुछ गुंडों द्वारा मारपीट कर पैसे लूटने का मामला सामने आया था जिसमें पुलिस ने अपराध कायम कर दो आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था और एक अन्य फरार आरपी को गिरफ्तार कर आज न्यायालय पेश किया जा रहा है।

### कृत्रिम गर्भाधान उपकेन्द्र पांजरा का भी किया निरीक्षण

**छिन्दवाड़ा।** कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह के निर्देशानुसार विकसित कृषि संकल्प अभियान के अंतर्गत आज विकासखंड चौरई की ग्राम पंचायत खूंटपिपरिया, लोनीकला एवं पांजरा का उप संचालक पशुपालन एवं डेयरी विभाग डॉ.एच.जी.एस. पक्षवार द्वारा कृषि वैज्ञानिकों व अधिकारियों के दल के साथ भ्रमण किया गया। दल में कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिक डॉ.सुंदरलाल अलावा, डॉ.सरिता सिंग, कृषि विभाग से श्री उमेश पाटिल, उद्यानिकी विभाग से श्री ओम सोनी व ब्लॉक टेक्निकल मैनेजर श्रीमती कल्पना उइके ने उपस्थित होकर सभी विभागीय योजनाओं की जानकारी, किसानों की आय दोगुनी कैसे हो, प्रत्येक विभाग में नई टेक्नालॉजी अपनाकर किये गये नवाचार की जानकारी दी। उप संचालक पशुपालन एवं डेयरी विभाग डॉ.पक्षवार द्वारा कृत्रिम गर्भाधान उपकेन्द्र पांजरा का भी निरीक्षण किया गया।

---

# मलेरिया रथ को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

### जून माह को मलेरिया माह के रूप में मनाएगा स्वास्थ्य विभाग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छिंदवाड़ा



राष्ट्रीय वाहक जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत प्रतिवर्ष के अनुसार स्वास्थ्य विभाग द्वारा जून माह को मलेरिया माह के रूप में मनाया जा रहा है। इस अवसर पर आज मलेरिया रोग से बचाव का प्रचार-प्रसार करने के लिये मलेरिया रथ को मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.एन.के. शास्त्री एवं जिला मलेरिया अधिकारी श्री देवेंद्र भालेकर, जिला स्वास्थ्य मीडिया अधिकारी डॉ.प्रमोद वासनिक, जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.धीरज दावंडे द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।

इस माह में कौन-कौन सी गतिविधियां की जानी है, इस विषय पर जिला मलेरिया अधिकारी श्री भालेकर द्वारा कार्यशाला में निर्देश दिए गए कि कैलेंडर के अनुसार ब्लॉक में गतिविधियां आयोजित किया जाये एवं इस माह में ब्लॉक स्तर पर पंचायत स्तरीय कार्यशाला, क्षमता वर्धन कार्यशाला, सेक्टर एडवोकेसी एवं ब्लॉक एडवोकेसी आयोजित कर प्रत्येक फीवर केस की आर.डी. किट से जांच करने, मच्छरदानी का प्रतिदिन प्रयोग, साफ पानी में लार्वा न पनपे इसके लिए प्रतिबंधात्मक उपाय आशा के माध्यम से किए जाने के निर्देश दिए गये। मलेरिया का वाहक मच्छर मादा एनाफिलीज साफ पानी में अंडे देते है एवं रात के समय काटते हैं। यदि प्रत्येक परिवार मच्छरदानी का प्रयोग करें तो इसका संचरण रुक सकता है। आज की कार्यशाला में सभी विकासखंड के मलेरिया निरीक्षक एवं मलेरिया टेक्निकल सुपरवाइजर उपस्थित थे।

---

### कमलनाथ व नकुलनाथ ने तीन विधानसभाओं के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं में भरा जोश

# बूथ से विचारधारा तक की चुनौतियों पर विधानसभावार हुआ मंथन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छिंदवाड़ा

मप्र के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ एवं जिले के पूर्व सांसद नकुलनाथ छिन्दवाड़ा संसदीय क्षेत्र की तीन विधानसभाओं के पदाधिकारियों की आयोजित बैठक में सम्मिलित हुए। माननीय कमलनाथ जी ने संगठन को जमीनी स्तर पर सशक्त करने पर जोर देते हुए कहा कि क्षेत्रीय कमेटियों से लेकर बूथ कमेटियों के गठन में मैं .मेरा व मेरे प्रति .की भावना से ऊपर उठकर जनसेवा व कांग्रेस की जिम्मेदारी लेने वालों को ही इन कमेटियों में शामिल किया जाए। कमलनाथ ने अपने उद्बोधन में आगे कहा कि राजनीति के बदले स्वरूप और वैचारिक लड़ाई की गम्भीर चुनौतियों को समझने की आवश्यकता है। वह दौर बीत चुका है जब गांव व परिवार कांग्रेस या फिर किसी अन्य राजनीतिक पार्टी के हुआ करत थे। वर्तमान में एक ही छत के नीचे अलग-अलग दल के मतदाता होते हैं। गांव व कस्बे के अंतिम छोर के व्यक्ति तक कांग्रेस पार्टी का पदाधिकारी व कार्यकर्ता पहुंचे इसके लिए क्षेत्रीय कांग्रेस कमेटी और बूथ का मजबूत होना बेहद आवश्यक है। क्योंकि यहां जिला कांग्रेस अथवा ब्लॉक कांग्रेस कमेटी नहीं पहुंच सकती। उन्होंने आगे कहा कि आयोजित बैठक में उपस्थित पदाधिकारी व कार्यकर्तागण सभी अनुभवी है इसीलिय किसी को बहुत ज्यादा समझाने व बताने की आवश्यकता नहीं है। उन्होंने अंत में उपस्थित पदाधिकारियों को आश्वस्त किया कि कांग्रेस के प्रत्येक पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं के साथ हर परिस्थिति में खड़े हैं और आगे भी खड़े रहेंगे।

#### मतदाता सूची का गम्भीरता से करें अध्ययन

जिले के पूर्व सांसद नकुलनाथ ने आयोजित बैठक को सम्बोधित करते हुए कहा कि चुनाव आयोग से लेकर अन्य सरकारी एजेंसियों को सत्ता में बैठी भाजपा दुरूपयोग कर रही है। विगत पंद्रह वर्षो से प्रत्येक चुनाव में एक बात सामने आती है कि मतदाता सूची में फर्जी नाम जोड़ दिए गए हैं, अथवा जो लोग है उनके नाम काट दिए गए। इसीलिये आवश्यक है कि सभी लोग मतदाता सूची का अध्ययन गम्भीरता के साथ करें।उन्होंने भाजपा पर कटाक्ष करते हुए कहा कि काला धन अभी तक नहीं आया, प्रतिवर्ष 2 करोड़ नौजवानों को रोजगार नहीं बल्कि धोखा मिला है। इनके अतिरिक्त जिले का किसान खाद, बीज व बिजली के लिए लगातार परेशान हो रहा है, किन्तु सरकार इन विषयों पर कोई बात नहीं कर रही, जनता तक हमें इन विषयों को पहुंचाकर जनता की आवाज बनकर जवाब मांगना होगा। माननीय नकुलनाथ ने उपस्थित कांग्रेस पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं से कहा कि अभी कोई चुनाव नहीं है, इसीलिये क्षेत्रीय कमेटियों व बूथ कमेटियों के गठन को बड़े ही शांतिपूर्ण ढंग से करें, कोई जल्दबाजी ना हों साथ ही जिम्मेदारी देते समय जिम्मेदारी लेने वाले की क्षमताओं को भी परख लें, ताकि चुनाव के समय किसी प्रकार की परेशान ना हो।

#### कमलनाथ व नकुलनाथ के प्रयासों से उच्च प्रशिक्षित हो रहे युवा

**छिंदवाड़।** संसदीय क्षेत्र छिन्दवाड़ा के चंहूमुखी विकास के सूत्रधार कमलनाथ एवं नकुलनाथ की दूरगामी सोच का परिणाम है कि राष्ट्रीय अथवा बहुराष्ट्रीय कम्पनियां एक ही छत के नीचे विभिन्न उच्च श्रेणी के विषयों का प्रशिक्षण दे रही है। गुणवत्ता युक्त प्रशिक्षण प्राप्त कर युवक व युवतियां रोजगार से जुड़कर आत्मनिर्भर बन रहे हैं। शिक्षा व रोजगार के क्षेत्र में युवाओं को अपनी प्राथमिकता में रखने वाले नेताद्वय के प्रयासों से सीआइआइ में कमिन्स इंडिया लिमिटेड, सापुरजी-पालोंजी लिमिटेड, मारुति सुजुकी, वोल्टास व आईएचसीएल (ताज) का निःशुल्क प्रशिक्षण प्राप्त कर आत्मनिर्भर बनने की ओर अग्रसर है। कमलनाथ एवं नकुलनाथ के प्रयासों से निःशुल्क प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले सैकड़ों युवाओं ने शिकारपुर कमलकुंज पहुंचकर नेताद्वय से भेंट की और पुष्प गुच्छ देकर आभार व्यक्त किया।

### लक्ष्मीजी की भरपूर कृपा बरस रही तो खनिज विभाग को कार्रवाई करने की फुर्सत कहां

# बिना रॉयल्टी के बेधड़क हो रहा गिट्टी का अवैध परिवहन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चौरई

जिले के चौरई में बगैर पीट पास के गिट्टी परिवहन का कारोबार थमने का नाम नही ले रहा है। प्रशासन के नाक के नीचे हो रही इस रॉयल्टी के खेल में प्रशासन की भूमिका भी सन्देह से परे नही है। हालांकि बीच - बीच मे राजस्व अधिकारी अपनी उपस्थिति दर्ज करा इस मसले को भूल जाते है।

बता दे कि छिंदवाड़ा जिले के चौरई विकासखण्ड से रोजाना सैकड़ो की संख्या में हाईवा और ट्रकों के माध्यम से गिट्टी का परिवहन होता है, लेकिन उन वाहनों में से कई ऐसे वाहनो का परिचालन होता है जिनके पास पीट पास नही होता है और तो और पुराने पीट पास पर ही गिट्टी का परिवहन होता है और उस हिसाब से प्रति गाड़ी शासन को 4000 की रॉयल्टी का नुकसान होता है। बावजूद इसके प्रशासन है खानापूर्ति करने से बाज नही आते, वहीं चौरई ब्लाक से ही गिट्टी गाड़ियों का परिवहन होता है, लेकिन चौरई का ही राजस्व अमला अपनी जिम्मेदारी भूल मूकदर्शक की भूमिका में है या यूं कहें कि उन्हें शासन को हो रही क्षति से कोई लेना देना ही नही है। बहरहाल इस रॉयल्टी चोरी के इस गोरखधंधे की शुरुआत चौरई अनुभाग से ही होती है और रोजाना गिट्टी गाड़िया एसडीएम कार्यालय के समीप से ही गुजरती है। बावजूद इसके इस रॉयल्टी चोरी की खेल में लिप्त माफियाओं ने खनिज अधिकारी को भी अपने साथ मिला लिया है और शायद यही वजह है कि ऐसे वाहनों पर निचले तबके के राजस्व अमले कि नजर तो रहती ही है लेकिन अमला किसी कारण वश कार्यवाही नही कर पाता है और स्थिति जस की तस बनी हुई है। ऐसे में अब प्रशासन से यह उम्मीद करना कि कार्यवाही होगी, वह बेईमानी ही है।



### इनोद कांबले को सौंपी जिम्मेदारी

**छिन्दवाड़ा**:- नगर कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग में इनोद कांबले को नगर अध्यक्ष के पद पर नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति वरिष्ठ कांग्रेस नेतृत्व के निर्देशानुसार की गई है। राजीव कांग्रेस भवन से नवनियुक्त पदाधिकारी को पांढुनार जिला प्रभारी श्री गंगाप्रसाद तिवारी, प्रदेश कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग के कार्यवाहक अध्यक्ष श्री गुरुचरण खरे एवं जिला कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग के जिलाध्यक्ष श्री प्रकाश महरौलिया ने नियुक्ति पत्र प्रदान किया।

### गोविंद राय को सौंपी छिन्दवाड़ा विधानसभा की जिम्मेदारी

**छिन्दवाड़ा**:- मप्र के पूर्व मुख्यमंत्री माननीय कमलनाथ जी एवं जिले के पूर्व सांसद माननीय नकुलनाथ जी के निर्देशानुसार जिला कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष एवं जुन्नारदेव विधानसभा के प्रभारी श्री गोविंद राय जी को छिन्दवाड़ा विधानसभा का भी प्रभारी मनोनीत किया गया है। श्री गोविंद राय जुन्नारदेव विधानसभा के प्रभारी होने के साथ ही उन्हें छिन्दवाड़ा विधानसभा का अतिरिक्त प्रभारी भी सौंपा गया है।

### वार्ड में सक्रिय हुए कांग्रेस पश्चिम उप ब्लॉक के पदाधिकारी

**छिन्दवाड़ा**:- कांग्रेस संगठन को नगर में सक्रिय अथवा और अधिक सशक्त करने हेतु कांग्रेस पश्चिम उप ब्लॉक के पदाधिकारीगण सक्रिय हो चुके हैं। वार्डवार बैठक कर संगठन से नये चेहरों को जोड़ने के साथ ही अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई। कांग्रेस पश्चिम उप ब्लॉक वार्ड क्रमांक 39 एवं वार्ड क्रमांक 41 की बैठक जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष श्री विश्वनाथ ओकटे व शहर कांग्रेस अध्यक्ष श्री पप्पू यादव के मार्गदर्शन में आयोजित बैठक में विभिन विषयों पर चर्चा की गई। आयोजित बैठक में वार्ड अध्यक्ष, बूथ प्रभारी को लेकर चर्चा की गई।

## श्रीमद्भगवदगीता के 7वें अध्याय का पाठ कर किया तर्पण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

सन्त श्री आशारामजी आश्रम लिंगा में आज वरिष्ठ पत्रकार संजय भारद्वाज की पूज्य माता जी सरला भारद्वाज पति श्याम सुंदर भारद्वाज के मोक्ष हेतु श्री मद भगवदगीता के 7 वें अध्याय का पाठ कर तर्पण किया । इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष मदन मोहन परसाई ने बताया कि शास्त्रों में ऐसा आता हैं कि जिस व्यक्ति का शरीर छूट गया है उसके लिए तीसरा , तेरवहीं और गंगा पूजन का विधान है। किसी कारणवश समय पर यह सब ना कर पाएं तो श्री मद भगवदगीता के 7 वें अध्याय का पाठ कर पुण्य अर्पण करने से भी मोक्ष की प्राप्ति होती है। तीसरा ,तेरवहीं, गंगा पूजन के साथ श्री मद भगवदगीता का पाठ भी मोक्षदायी है । संस्था समय - समय पर जिले के प्रसिद्ध लोग या संस्था से जुड़े लोग जिनका शरीर छूट गया है उनके मोक्ष हेतु यह सेवा कार्य करती रहती हैं । लिंगा आश्रम में आज सरला भारद्वाज जी और लिंगा आश्रम में समर्पित गीता बहन की पूज्य माता जामवंती पाल (राजना) के लिए भी गीता पाठ कर विधिवत तर्पण किया गया । वरिष्ठ पत्रकार संजय भारद्वाज जी के पूज्य दादा जी वरिष्ठ अधिवक्ता स्व. रमेश चन्द्र भारद्वाज जी का संस्था के प्रति त्याग और तपस्या अवर्णनीय है । इस अवसर पर साध्वी रेखा बहन , साध्वी प्रतिमा बहन , समिति के अध्यक्ष मदन मोहन परसाई , खजरी आश्रम के संचालक जयराम भाई , सुभाष इंगले , अशोक कराडे , नारायण ताम्रकार , रामराव लोखंडे , कैलाश राउत , गोवर्द्धन मालवीय , बबलू माहोरे , भूपेश पहाड़े मौजूद रहे।

## कमलनाथ ने टटोली सौंसर संगठन की नब्ज



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौंसर

शिकारपुर में सोमवार को पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ पूर्व सांसद नकुलनाथ ने सौसर क्षेत्र के क्षेत्रीय कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी की बैठक लेते हुए संगठन पर आवश्यक दिशा निर्देश दिए है।

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार बैठक के दौरान क्षेत्रीय कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी के साथ-साथ युवक कांग्रेस के हो रहे प्रदेश एवं जिला स्तरीय चुनाव को लेकर भी पूर्व मुख्यमंत्री श्रीनाथ के द्वारा पांढुर्णा जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष नानेश्वर गावंडे डॉ शिव सालोटकर आदि से चर्चा करते हुए युथ कांग्रेस के माध्यम से सौसर एवं पांडुरंनाक्षेत्र में किस प्रकार से कार्य किया जा रहे हैं इसकी जानकारी प्राप्त की है।

बैठक के दौरान श्रीनाथ के द्वारा सभी क्षेत्रीय कमेटी के अध्यक्ष एवं अनुसांगिक संगठनों के पदाधिकारी को ग्रामीण क्षेत्रों में बूथ कमेटियों की मजबूती के साथ ही क्षेत्रीय कमेटियों का गठन करने और संगठन को बढ़ाने एनएसयूआई एवं युवक कांग्रेस के कार्यकर्ताओं को अनुशासित करने आदि को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए हैं। इस दौरान विधायक विजय चौरे,ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष डॉ राजेंद्र यमदे, पूर्व जिला पंचायत सदस्य विलास जोगी, सौसर नगर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष संजय ठाकरे,सोपान कोहले, दिलीप गुर्वे, कैलास चोधरी, डॉ राजेश सोमकुंवर, बोरगाव उपसरपंच घनश्याम कालपाण्डे, प्रदीप इंगोले, विलास बुले, शिवमोहन शर्मा आदि थे।

## औद्योगिक क्षेत्र में हुआ विदाई समारोह का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौंसर

लघु उद्योग भारती बोरगांव एवं बोरगांव इंडस्ट्रियल एसोसिएशन की ओर से मध्यप्रदेश औद्योगिक निगम की प्रबंधक आई.जे शुक्ला का सेवानिवृत्ति पर विदाई समारोह का आयोजन किया गया।एक निजी होटल में हुए विदाई समारोह में श्री शुक्ला का पुष्पमाला पहनाकर स्वागत सत्कार उपहार एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए ज्योतेंद्र पटेल ने कहा कि श्री शुक्ला साहब का कार्यकाल औद्योगिक क्षेत्र में सराहनीय रहा है।पूर्व में मैं यहां पर में कंपनी लगाने के लिए इंटरेस्टेड नहीं था, परंतु श्री शुक्ला जी मेरे पास आए और उन्होंने बोरगांव क्षेत्र में मुझे कंपनी लगाने के लिए प्रेरित किया था।प्रबंधक श्री शुक्ला का हमेशा लक्ष्य रहा है,कि औद्योगिक क्षेत्र बोरगाव में अधिक से अधिक कंपनियां आए और इस क्षेत्र के लोगों को रोजगार उपलब्ध हो सके। आर.द्रविड़ ने कहा कि श्री शुक्ला के द्वारा हमेशा कंपनी प्रबंधन कामगार आम नागरिक के साथ में तालमेल बताते हुए काम किया है। कार्यक्रम समापन पर सेवानिवृत कार्यक्रम में श्री शुक्ला ने कहां की सौसर क्षेत्र और औद्योगिक क्षेत्र की जनता बहुत अच्छी है। मुझे यहां हमेशा मेरे स्टाफ के साथ-साथ ही कामगारों और कंपनी प्रबंधकों क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों जनता का हमेशा साथ सहयोग प्रेम मिला है जिसके लिए मैं उनका जीवन भर आभारी रहूंगा।

इस दौरान पूर्व कृषि उपज मंडी अध्यक्ष युवराज चीचकार, लघु उद्योग भारती बोरगाव अध्यक्ष दिपक हिम्मतकर, एच.एल.काबरा, उद्योगपति मोहन ताजने, सचिव वामन ठोबरे,श्याम शर्मा, रितेश जैन, शेखर तिवारी,हर्षल ताजने, नंदु राय, नितीन मोहिते, हर्षल पुण्यानी,संजय भेलकर,सतीश मलिक,अनिल सेठिया, आदि थे।




### गार्गी व तनिष्क बने शाइनिंग स्टार

**छिंदवाड़ा, हरिभूमि न्यूज।** चाणक्य अकैडमी में ऋतु कैलीग्राफी आर्ट क्लासेस द्वारा आयोजित 7-दिवसीय कैलीग्राफी वर्कशॉप का समापन हुआ। समारोह में मुख्य अतिथि हेमंत झा सर और विशेष अतिथियों में वरिष्ठ कवि साहित्यकार गुलाबचंद वात्सल्य, श्रीमती मृदुला शर्मा और दीप चंचलेश सर ने प्रशिक्षणार्थियों को सर्टिफिकेट प्रदान किए। इस अवसर पर, कुमारी गार्गी पराड़कर को बालरंग प्रतियोगिता में कैलीग्राफी विधा में प्रदेश स्तर पर प्रथम स्थान (गोल्ड मेडल) प्राप्त करने पर एवं तनिष्क सुशील जैन को कैलीग्राफी विद्या में स्टेट लेवल पर फर्स्ट रैंक और नेशनल लेवल पर चयनित होने पर स्टार शाइनिंग अवार्ड से सम्मानित किया गया। दोनों ही स्टूडेंट्स ऋतु कैलीग्राफी आर्ट क्लासेस से प्रशिक्षित हैं।



## अमर वीर भारत के सपूत महाराणा प्रताप की जयंती ग्राम लवेरी में प्रज्ञा मंडल गायत्री शक्तिपीठ द्वारा मनाई गई

हरिभूमि न्यूज किरनापुर।



आओ हम अमर वीर शहीदों एवं समाज संस्कृति धर्म निष्ठा व्यक्तित्व का सम्मान करें, ग्राम लवेरी में बिगत दिवस श्रद्धा संस्कार सम्मान प्रतिमा का सम्मान कार्यक्रम पंच कुंडी गायत्री यज्ञ विशिष्ट कलश यात्रा एवं क्षेत्रीय विधायक श्रीमान राज कुमार कर्राहे की उपस्थिति में ग्राम लवेरी के जिला पंचायत सदस्य श्रीमती चेतना कुर्राहे जनपद सदस्य हरीश लिल्हारे ,सरपंच श्रीमती रेखा उयके ,उपसरपंच ज्ञानी राम बंबुरे, व पुलिस पटेल लुरेन्द्र रांहगडाले ,व डॉ, वागीस रंहांग डाले, ग्राम के भूतपूर्व सरपंच श्रीमती पुस्त कला/ कोमल लिल्हारे ,नंदू लाल बघेले ,भीकू नगपुरे, लक्ष्मी नारायण बंबुरे एवं ग्राम के गणमान्य नागरिकों व कर्मचारियों की उपस्थिति में यह कार्यक्रम किया गया। इस कार्यक्रम में धनीराम लिल्हारे, देवराम बिरागरे, कन्हैयालाल योगेश सीहोरे ,हेमराज तेजलाल मस्करे बालचंद लिल्हारे, विक्की लिल्हारे, फूलचंदलिल्हारे, मुकेश कश्यप अनिरुद्ध बघेले ,उमेश बघेले, रामेश्वर दमाहे, दिलीप नगपुरे,गणपत बिरनवार ,भोज लाल, रेखा लाल पिता श्री राम लिल्हारे, प्रीतम ग्राम कोटवार हरिदास वैघ ,सहायक सचिव धनराज बंबुरे ,राम प्रसाद मस्करे, चमन नगपुरे,रामेश्वर कावडे, खिलेंद्र पटले, देवीलाल पाचे, विट्ठल बिरागरे, श्रीमती पुष्पा/ खेमराज सीहोर प्रमीला/ रेखलाल सिहोरे, आदि की भूमिका सराहनीय रही। 75 वर्ष के युवाओं के ऊपर वयो वृद्ध पुरुष/ महिलाओं को कपड़े (वस्त्र) वितरण, मेरिट व गायत्री संस्कृत परीक्षा 2024- 25 के विद्यार्थियों को स्टील पानी बोतल , पालकों को शाल व श्रीफल से सम्मानित किया गया, दिव्यांग व गरीबों को भी वस्त्र वितरित किए गए, साथ ही भारत रत्न श्री भीमराव अंबेडकर जी , भगवान बुद्ध, महाराणा प्रताप की जयंती मनाई गई । ग्राम रामगढ़ी प्राथ. व माध्य. शाला के विद्यार्थियों का सांस्कृतिक कार्यक्रम जिसमें गोंडी डांस, सपेरा डांस ,नवदुर्गा पर भुजलिया विसर्जन, झांकी ,भुजलियां की टोकरी, ध्वज को लिए 28 बच्चों की विशिष्ट प्रस्तुति आकर्षण का केंद्र रही, जबलपुर से पधारी छात्राओं द्वारा छत्तीसगढ़ी मयूर डांस , शिव तांडव नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति की गई, जिसमें इन छात्रों को बुलवाने में श्री तेज लाल मस्करे जी का विशेष भूमिका रही, कार्यक्रम श्रीमती श्रद्धा डॉ. जे पी सुनेरी जी के मार्गदर्शन व प्रहलाद मस्कोले की उपस्थिति में किया गया।

## सराफा एसोसिएशन वारासिवनी की वार्षिक सभा के लिए कामकाजी बैठक संपन्न

**हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।** विगत दिनों सराफा एशोसियेशन वारासिवनी की सराफा बाजार हनुमान मंदिर में संपन्न कामकाजी बैठक में सराफा व्यापार एवं सुरक्षा संबंधित विषयों पर चर्चा की गई। जिसमे मुख्य रूप से इस माह प्रदेश की राजधानी भोपाल में आयोजित होने जा रही वार्षिक कांफ्रेंस और प्रदेश के व्यापारियों के लिए सभी जिलों में व्यापार के मार्ग खोलने वाली एक्सीबीशन को लेकर सभी मे उत्साह का वातावरण भी है।



ज्वेलर्स डेवलपमेंट वेलफेयर एसोसिएशन मध्य प्रदेश के महासचिव संतोष सराफ ने वारासिवनी सराफा एशोसियेशन के सचिव संजय अग्रवाल से चर्चा कर यह जानकारी दी की 21 और 22 जून को मध्य प्रदेश के व्यापारियों का प्रतिवर्ष अनुसार वार्षिक सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है। जिसमें वारासिवनी के साथ साथ प्रदेश के सभी जिलों से व्यापारियों को आमंत्रित किया जा रहा है। बैठक का मुख्य उद्देश्य पिछली बार से ज्यादा लगभग 1000 व्यापारियों को एकत्र करने का लक्ष्य रखा गया है एवं इस बार मुख्य विषय जो हर वर्ष की तरह एजेंडा में शामिल किए जाते हैं उसमें मुख्य रूप से इस बार मध्य प्रदेश में पहली बार ज्वैलरी एग्जिबिशन का आयोजन किया जा रहा है एवं परंपरागत आभूषणों का फैशन शो भी किया जा रहा है। इसके साथ ही साथ 22 जून की मुख्य बैठक में प्रदेश में ज्वेलरी उद्योग के आयात निर्यात की संभावनाओं को यथार्थ में उतरना और प्रदेश के लगभग सभी जिले से चुनिंदा व्यापारियों का चयन कर उन्हें आयात निर्यात का लाइसेंस प्रक्रिया कस्टम का परमिशन एवं इसके तौर तरीके से पूर्णतः अवगत कराना होगा और लक्ष्य रखा गया है कि इस वर्ष मध्य प्रदेश में ज्वैलरी इंडस्ट्री की मैन्युफैक्चरिंग कैसे प्रारंभ की जाए इसके ऊपर भी गंभीर प्रयास हेतु MSMS मंत्रालय के साथ प्रक्रिया प्रारंभ की जाएगी साथ में व्यापारियों को भारत के उन तमाम होलसेलर और मैन्युफैक्चरर से अवगत कराया जाएगा और व्यापारी कैसे अपने व्यापार को वर्तमान परिपेक्ष के अनुरूप स्थापित कर सके आगे बढ़ा सके इन सभी विषयों के ऊपर चर्चा होगी और सकारात्मक रूप से प्रक्रिया प्रारंभ की जाएगी।

इस कार्यक्रम हेतु वारासिवनी एवं जिले से भी लगभग सभी व्यापारी दो दिवसीय कार्यक्रम में पूरे उत्साह के साथ उपस्थित होंगे। क्योंकि यह एक प्रदेश के रिटेल ज्वैलरी उद्योग के लिए बहुत अच्छा अवसर है और व्यापार को आगे बढ़ाने हेतु ज्वेलर्स डेवलपमेंट वेलफेयर एसोसिएशन मध्य प्रदेश की ओर से जो प्रयास किया जा रहे हैं वह अपने आप में सराहनीय है वारासिवनी एवं समस्त जिले के व्यापारी इस आयोजन में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेंगे।

बैठक में नगर एवं जिले में व्यापारियों को सुरक्षित रहकर कार्य करने के लिए भी अतिरिक्त सावधानी के साथ सभी व्यापारियों के प्रतिष्ठान हाईटेक टेक्नोलॉजी युक्त सुरक्षा उपकरणों से लैस करने एवं विगत वर्ष पहले दिए गए प्रशासन को आवेदन पत्र के लिए भी चर्चा की गई है। इसके साथ ही इच्छुक एवं बाहरी शहरों में भी आभुषण के साथ नियमित आवागमन करने वाले व्यापारियों द्वारा शस्त्र लाइसेंस के लिए एशोसियेशन के माध्यम से जिला प्रशासन को विधिसम्मत आवेदन देने की प्रक्रिया के लिए विचार विमर्श किया गया। इस महत्वपूर्ण बैठक में वारासिवनी सराफा एशोसियेशन के सभी पंजीकृत व्यापारी बंधु उपस्थित रहे एवं सक्रिय रूप से मुखर होकर अपने-अपने विचार व्यक्त किए।

## सेवानिवृत होने पर दी गई भावभीनी विदाई



**हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।** शासकीय माध्यमिक कन्या शाला खैरलांजी में पदस्थ उच्च श्रेणी शिक्षक बाबूलाल मसखरे अपनी अधिवार्षिकी सेवा सफलतापूर्वक पूर्ण कर सेवा निवृत्त हुए। उन्होंने 28/02/1984 से 31/05/2025 तक कुल-41 वर्ष 03 माह 04 दिन शिक्षा विभाग में रहते हुए अपनी सेवाएं प्रदान की।

सेवानिवृत होने पर उन्हें शाला परिवार, विकासखण्ड खैरलाँजी तथा तहसील स्तरीय म.प्र.शि.संघ के साथ साथ सेवा निवृत्त साथी और जिला स्तरीय शिक्षक संघ के पदाधिकारियों द्वारा भावभीनी बिदाई शाला परिसर मे दी गई। सभी ने उनके स्वस्थ, समृद्ध एवं दीर्घायु जीवन की मंगल कामना की। इस अवसर पर ओ. पी. नगपुरे, के. बी. गोस्वामी, अविनाश कापरे, जे. एल. मुंजारे, पी.एल.पटले, वाय.एल.डोहरे, डी.आर.पूसामे ,एस.एल.भैरम, हाड़गे, चित्रीवजी, चौधरी,नगपुरे बी.आर.सोनवाने, जी. एस. मसकरे, संजय मेश्राम, लक्ष्मीकांत उके, दामेन्द्र मंदरेले, लोकचंद पटले, सत्यप्रकाश गेड़ाम, एम.एल.कुकवासे, श्रावण उपवंशी, जितेंद्र नगपुरे, जितेंद्र चौरागड़े, रश्मि तुरकर,तेजन कृपगये, नीता चौरागड़े, भूमेश्वरी पटले अमीता गेड़ाम, उषा बोरकर आदि शिक्षक/ शिक्षिकाओं/ वक्ताओं द्वारा श्री मसखरे की कार्य शैली एवं व्यवहारिक पहलूओं पर प्रकाश डाला गया। सेवा निवृत्त शिक्षक श्री मसखरे ने भी अपने उद्बोधन में अपने अनुभव साझा किए।

### सेलवा और उमरी गांव के विद्यार्थियों के सामने संकट

# संदीपनी स्कूल में प्रवेश नहीं मिलने से छात्र और अभिभावक परेशान

**हरिभूमि न्यूज कटंगी।** 'शिक्षा' भारतीय संविधान के अनुच्छेद 21 ए के तहत एक मौलिक अधिकार है, जो 6 वर्ष से लेकर 14 वर्ष तक के बच्चों को शिक्षा प्राप्त करने का अधिकार देता है. लेकिन संविधान से मिले इस मौलिक अधिकार के बावजूद बालाघाट जिले की कटंगी तहसील से सटे सेलवा और उमरी गांव के गरीब छात्रों को शिक्षा से दूर होना पड़ रहा है. उनसे अप्रत्यक्ष तौर पर शिक्षा पाने का अधिकार छीना जा रहा है. ऐसा इसलिए कहा जा सकता है क्योंकि संदीपनी स्कूल में प्रवेश के लिए जो गांवों की दूरी की नीति बनकर आई है उस नीति के तहत इन गांवों के छात्रों को स्कूल में कक्षा नवमी में प्रवेश नहीं मिल पा रहा है. दूसरी तरफ इस स्कूल में प्रवेश मिलना अब छात्रों के लिए तकदीर की बात बन चुकी है. यहां पहले चरण में कक्षा पहली, छटवी और नवमी में लॉटरी सिस्टम के जरिए छात्रों को प्रवेश मिलता है तो दूसरे चरण में कक्षा छटवी और नवमी में पोषक शालाओं के छात्रों को ही प्रवेश दिया जाता है. ऐसी स्थिति में अन्य सरकारी स्कूलों के गरीब होनहार विद्यार्थियों को प्रवेश नहीं मिल पाता. जिस कारण यह मायूस होकर पढ़ाई छोड़ने को मजबूर है. बता दें कि संदीपनी स्कूल छात्रों को विश्व स्तरीय शिक्षा प्रदान करने का प्रयास करने के लिए तैयार किया जा रहा है ऐसा बताया जाता है इस स्कूल में वंचित पृष्ठभूमि के छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने का लक्ष्य रखा गया है. मगर, हकीकत यह है कि यहां पर उन गरीबों के बच्चों को प्रवेश नहीं मिल पा रहा है जिन बच्चों के पास अन्य कोई विकल्प नहीं है।



**जनसुनवाई में जाने की तैयारी:** मामला तहसील मुख्यालय कटंगी से महज ढाई से 03 किमी दूर स्थित सेलवा और उमरी गांव के छात्रों को मुख्यालय स्थित संदीपनी स्कूल में प्रवेश नहीं मिलने का है. संदीपनी स्कूल के प्राचार्य प्रवेश नीति को कारण बताकर इन दोनों ही गांवों के छात्रों को प्रवेश नहीं दिए जाने का कारण बता रहे है. प्रवेश नीति के मुताबिक कक्षा पहली और छटवी में क्रमशः एक, दो और तीन किलोमीटर के गांवों के छात्रों को पहले प्रवेश दिया जाना है. सबसे पहले लॉटरी सिस्टम से प्रवेश दिया जाता है. जिसके बाद गांवों की दूरी के अनुसार. कक्षा नवमी में प्रवेश की नीति के बारे में वह कोई स्पष्ट जानकारी नहीं देते लेकिन कहते है कि उनके पास पर्याप्त बैठक व्यवस्था नहीं है और वरिष्ट अधिकारियों के निर्देश है कि अगर पर्याप्त बैठक व्यवस्था ना हो तो प्रवेश ना दिया जाए. इसी एक आधार पर सेलवा और उमरी के छात्रों को कक्षा नवमी प्रवेश देने में साफ तौर पर इंकार ना करते हुए आनाकानी की जा रही है. उन्हें प्रवेश नहीं दिया जा रहा है. सोमवार 02 जून को स्कूल शुरू होते ही सेलवा गांव के अभिभावक अपने बच्चों के प्रवेश के लिए स्कूल पहुंचे तो उन्हें वहां से हताश होकर लौटना पड़ा. अब अभिभावकों ने मंगलवार को जनसुनवाई में कलेक्टर के सामने यह समस्या रखने की बात कहीं है. जब हमने जिला शिक्षा अधिकारी अश्विनी उपाध्याय और क्षेत्रीय विधायक गौरव सिंह पारधी से दूरभाष पर इन दो गांवों के छात्रों को संदीपनी स्कूल में प्रवेश नहीं मिलने की समस्या को लेकर चर्चा की तो उन्होंने प्राचार्य से चर्चा करने का भरोसा दिया है।

सेलवा और उमरी के छात्रों और उनके अभिभावकों को संदीपनी स्कूल में प्रवेश नहीं दिया जा रहा है बल्कि सांवगी और जराहमोहगांव हाई स्कूल में प्रवेश लेने की सलाह दी जा रही है. सेलवा के छात्रों के लिए सांवगी हाईस्कूल में प्रवेश लेने का कोई औचित्य ही नहीं है. दरअसल, सेलवा-सांवगी के रास्ते में चंदन नदी बहती है जिस पर पुलिया नहीं है ऐसे में बारिश के दिनों में सेलवा के बच्चे करीब 03 माह तक स्कूल नहीं जा पाएगें. उन्हें सांवगी जाने के लिए करीब 10 किमी. का अतिरिक्त फेरा लगाना पड़ेगा. उमरी और सेलवा दोनों ही गांव तहसील मुख्यालय से बिल्कुल सटे हुए है. इन गांवों के विद्यार्थियों के लिए सांवगी या जराहमोहगांव स्कूल में जाकर प्रवेश लेना छात्रों और अभिभावकों के लिए परेशानी का सबब बन सकता है।

दरअसल, आज के दौर में हर कोई अभिभावक अपने बच्चों को शहर के सरकारी स्कूल और प्राइवेट स्कूल में ही प्रवेश दिलाकर शिक्षा दिलाना चाहता है. वजह साफ है कि अभिभावक अपने बच्चों को बेहतर शिक्षा दिलाना चाहते है. अभिभावकों को मानना है कि गांवों के सरकारी स्कूलों में गुणवत्ता वाली पढ़ाई नहीं होती. हालांकि इसमें पूरी तरह से सत्यता नहीं है।

### इनका कहना है

प्रवेश नीति के मुताबिक एक, दो और तीन किलोमीटर के गांवों के छात्रों को पहले प्रवेश दिया जाना है. वरिष्ट अधिकारियों ने साफ निर्देश दे रहा है कि अगर बैठक व्यवस्था ना हो तो प्रवेश ना दिए जाए।

**शैलेन्द्र गुप्ता, प्राचार्य संदीपनी स्कूल कटंगी**

प्रवेश के संबंध में संदीपनी स्कूल के प्राचार्य से चर्चा की जाएगी उन्हें प्रवेश देने के लिए कहा जाएगा।

**अश्विनी उपाध्याय, जिला शि.अधि. बालाघाट**

## खबर संक्षेप



### उत्कृष्ट कार्य करने शिक्षक प्रमोद तिवारी हुए सम्मानित

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** एफएलएन कार्यक्रम के अंतर्गत उत्कृष्ट कार्य करने पर शिक्षक प्रमोद कुमार तिवारी को कलेक्टर महोदया संस्कृति जैन जी के द्वारा सम्मानित किया गया। ओपन लिंक फाउंडेशन द्वारा उपलब्ध कराए गए विनोबा एप्प के माध्यम से शिक्षको का चयन किया गया था। जिसमें हायर सेकंडरी स्कूल हाथनापुर के चयनित शिक्षक प्रमोद कुमार तिवारी को प्रशस्ति पत्र एवं गिफ्ट के माध्यम से सम्मानित किया गया।



### कैरियर गाइडेंस प्रोग्राम एवं सामाजिक मार्गदर्शन कार्यक्रम संपन्न

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** राष्ट्रीय बिरसा ब्रिगेड मिशन आदिपूर्वज भारत के सानिध्य में दिनांक 01/06/2025 दिन रविवार को माही मैरिज लॉन मुड़ापार बरघाट जिला सिवनी मध्यप्रदेश में आयोजित कक्षा 10 वीं/ कक्षा 12 वी में प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण विद्यार्थियों का सम्मान समारोह एवं नव युवक - युवतियों के लिए कैरियर गाइडेंस प्रोग्राम एवं सामाजिक मार्गदर्शन कार्यक्रम का हुआ सफल आयोजन।

# ज.प.लखनादौन 'कुर्सी घोटाला': 2500 की कुर्सी 9090 में खरीद, करोड़ों की लूट का अंदेशा! 18 दिन बाद भी जांच अधूरी!

**हरिभूमि न्यूज छब्बी लाल कमलेशिया**

**लखनादौनः** जनपद पंचायत लखनादौन एक बार फिर भ्रष्टाचार के अथाह दलदल में गहरे धंसती दिख रही है। इस बार जनता का पैसा सीधे सरकारी खजाने से निकालकर कुछ सफेदपोशों की जेबों में भरने का महाखेल सामने आया है। मामला है प्रीकास्ट चेयर सीमेंट की कुर्सी' की खरीद का, जिसमें ₹2500 की मामूली कुर्सी को ₹9000 तक की आसमान छूती कीमतों पर खरीदा गया। यह करोड़ों रुपए के घोटाले की ओर साफ इशारा कर रहा है और खुला खेल कमीशनखोरी व सांठगांठ की इंतहा है। शिकायत में 'लक्ष्मी नायक ट्रेडर्स' का नाम है, लेकिन क्या यह 'लक्ष्मण नायक ट्रेडर्स' होना चाहिए था? क्या यह जांच को भटकाने की पहली साजिश है?

13 मई 2025 को कलेक्टर सिवनी की जनसुनवाई में युवराज पटेल ने एक सनसनीखेज शिकायत दर्ज कराई थी। उनका आरोप स्पष्ट थाः जनपद पंचायत लखनादौन की विभिन्न ग्राम पंचायतों ने लक्ष्मी नायक ट्रेडर्स, छपारा (या शायद लक्ष्मण नायक ट्रेडर्स) से नियमों की सरेआम धज्जियां उड़ाते हुए प्रीकास्ट चेयर (सीमेंट की कुर्सी) खरीदी हैं। शिकायत के मुख्य बिंदु सरकारी तंत्र की खुली लूट और भ्रष्टाचार के संगठित गिरोह की कहानी कहते हैं।

**कानून को ठेंगाः** पंचायत अधिनियम और भंडारण अधिनियम का खुलेआम उल्लंघन किया गया। नियमों को ताक पर रखकर यह खरीद की गई, जो दर्शाता है कि भ्रष्टाचार की नींव पहले ही तैयार थी और इसे साजिशन अंजाम दिया गया।

गुणवत्ता का मज़ाक, दाम की लूटः खरीदी गई कुर्सियों की गुणवत्ता बेहद घटिया है, जबकि दाम कई गुना अधिक वसूले गए हैं। यह सीधे-सीधे सरकारी धन की बर्बादी और करदाताओं के पैसे की खुली लूट है।

फर्जी बिलिंग का महाखेलः जितने बिल लगाए गए हैं, उतनी कुर्सियां ग्राम पंचायतों में मौजूद ही नहीं हैं। यह फर्जी बिलिंग के जरिये करोड़ों के गबन की ओर साफ इशारा करता है। कुर्सियां कागजों पर खरीदी गईं, जबकि जनता का पैसा भ्रष्टाचारियों की जेबों में चला गया।

### 'जांच' का 'नाटक' या भ्रष्टाचार का पर्दाफाश? 18 दिन बाद भी नहीं आता-पता!

शिकायत के तुरंत बाद, जनपद पंचायत लखनादौन के प्रभारी मुख्य कार्यपालन अधिकारी, रवि कुमार सिहाग (IAS) ने आनन-फानन में एक जांच दल का गठन तो कर दिया। इस दल को मात्र 3 दिनों के भीतर जांच रिपोर्ट देने को कहा गया था, लेकिन आज 31 मई 2025 है, यानी शिकायत के 18 दिन बाद भी जांच का कोई अता-पता नहीं है। इस तथाकथित जांच पर सैकड़ों सवाल खड़े होते हैं, क्योंकि करोड़ों के इस घोटाले की जांच तीन दिनों में पूरी करना असंभव सा लगता है, और अब तो 18 दिन भी बीत चुके हैं। क्या यह सिर्फ एक 'आईवॉश' है जनपद पंचायत में भ्रष्टाचार का यह पहला मामला नहीं है। पिछली जांचें भी अंधेरे में हैं। क्या यह जांच भी करोड़ों के इस घोटाले पर पर्दा डालने का एक और पैंतरा है? जांच के नाम पर गुमराह किया जा रहा है।

## क्या तीन दिन की जांच महज 'ढकोसला' है पर्दाफाश




### धारा 40 की तलवार कब चलेगी

जब भ्रष्टाचार इतना स्पष्ट है और साक्ष्य सामने हैं, तो संबंधित ग्राम पंचायतों के सरपंचों, सचिवों और इस 'कुर्सी माफिया' के खिलाफ धारा 40 के तहत सीधी आपराधिक कार्रवाई क्यों नहीं हो रही? क्या कानून केवल आम आदमी के लिए है?

**लखनादौन 'कुर्सी घोटाला' जांचः कौन कहां करेगा पड़ताल एसडीएम लखनादौन** प्रभारी मुख्य कार्यपालन अधिकारी रवि कुमार सिहाग ने पांच सेक्टरों में अधिकारी/कर्मचारी नियुक्त किए थेः आदेगांव/बैगापिपरिया सेक्टरःमनेशालाल इनवाती (पीसीओ) और शनिखिल भांगरे/ महेन्द्र चौहान (उपयंत्री) क्रमशः करछुवाई, भौरगढी और बावली ग्राम पंचायतों की जांच करेंगे।

**धनककडी सेक्टरः** केवलराम उड़के (पीसीओ) और कु० वैशाली राजपुत (उपयंत्री) पाठादेवरी और लिंगपानी की पड़ताल करेंगे।

घुमा सेक्टरः आर. के. डहेरिया (पीसीओ) और शअर्जुन उइके (उपयंत्री) घोघरीकला सहित 6 ग्राम पंचायतों का जिम्मा संभालेंगे।

**मढी सेक्टरः** रविशंकर गौतम (पीसीओ) और शअनूप हेडउ (उपयंत्री) पाटर सहित 5 ग्राम पंचायतों में कुर्सियों की खरीद की पड़ताल करेंगे।

### अब 'जांच' नहीं, 'जेल' चाहिए!



स्थानीय जनता और जागरूक नागरिकों का गुस्सा चरम पर है। उनका कहना है कि यह केवल एक अनियमितता नहीं, बल्कि संगठित अपराध है। भुगतान पहले ही निकाल लिया जाता है, और कमीशन का बंटवारा नीचे से ऊपर तक होता है। उन ग्राम पंचायतों में भी कुर्सियां खरीदी जा रही हैं जहाँ उनकी कदापि आवश्यकता नहीं है। यह अनुपयोगी वस्तुओं की खरीद के नाम पर सरकारी धन की बर्बादी का नया तरीका है। इस पूरे घिनौने और करोड़ों के प्रकरण में सख्त, त्वरित और पारदर्शी कार्रवाई की नितांत आवश्यकता है, ताकि दोषियों को जेल की सलाखों के पीछे धकेला जा सके और भविष्य में ऐसे महाघोटालों पर स्थायी अंकुश लगाया जा सके। क्या प्रशासन इस भ्रष्टाचार के नेक्सस को तोड़ने की हिम्मत दिखाएगा, या जनता को एक बार फिर निराशा ही हाथ लगेगी? क्या सिर्फ तीन दिनों में करोड़ों के इस घोटाले की परतें खुल पातीं, और अब 18 दिन बाद भी जब कोई रिपोर्ट नहीं आई है, तो क्या यह जांच भी महज औपचारिकता बनकर रह जाएगी जनता अब केवल पर्दाफाश नहीं, बल्कि न्याय और भ्रष्टाचारियों को जेल में देखना चाहती है।

### दलाल बाबूओं का जालः

आरोप है कि जनपद पंचायत में 30-35 साल से जमे बाबू और भ्रष्टाचारियों का एक मजबूत और गहरा गठजोड़ काम कर रहा है। क्या यह जांच इस शक्तिशाली नेक्सस को बेनकाब कर पाएगी। उच्चाधिकारियों की मिलीभगत पंचायत अधिनियम के अनुसार, 20,000 से अधिक के किसी भी कार्य के लिए तकनीकी स्वीकृति अनिवार्य है। यदि करोड़ों का यह घोटाला इन अधिकारियों की जानकारी और सहमति के बिना संभव नहीं, तो उन पर कड़ी कार्रवाई क्यों नहीं हो रही? क्या वे भी इस भ्रष्टाचार की चेन का हिस्सा हैं।

एसटी चोरी का नंगा नाचः फर्जी ट्रेडर्स के माध्यम से बिल लगाकर राजस्व औरएसटी की चोरी की जा रही है। ऐसे कई 'ट्रेडर्स' केवल कागजों पर हैं; मोमबत्ती लेकर ढूंढने पर भी उनकी दुकानें नहीं मिलेंगी। यह फर्जी बिल माफिया का एक बड़ा नेटवर्क है।

## 50 लाख में बिके उदय, प्रो कबड्डी में खेलेंगे

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

सिवनी के कबड्डी खिलाड़ी उदय परते को 50 लाख 10000 में खरीदा गया है। यह खिलाड़ी में आयोजित प्रो कबड्डी खेलेंगा। जो इस जिले के ग्राम उड़ेपानी का रहने वाला है। यह उपलब्धि जिले को गौरवान्वित कर रही है । कबड्डी खेल में प्रो कबड्डी टूर्नामेंट में जयपुर पिंक पैंथर टीम ने 50 लाख ₹10000 रुपए में अपनी टीम में सम्मिलित किया है । यह बड़ी उपलब्धि जिले के लिए और खेल जगत के लिए एक उदाहरण बनके सामने आया । जहां क्रिकेट और हॉकी से अभी तक बड़े खिलाड़ी चुनकर सामने आया करते थे, अब कबड्डी खिलाड़ी को भी अपनी किस्मत और लगन से सुनहरा अवसर खोजने का मौका है, सिवनी



कबड्डी अकादमी के पदाधिकारी अकादमी के संरक्षक संतोष अग्रवाल, अब्दुल अहद खान (सचिव) और वहीं वर्तमान अध्यक्ष अनिल कनोजिया ने उदय के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि उदय ने स्कूल गेम और अनेक ओपन टूर्नामेंट में सहभागिता की है। 2021 में 47वीं जूनियर नेशनल कबड्डी प्रतियोगिता जो कि तेलंगाना में आयोजित हुई थी ।उसमें मध्य प्रदेश टीम का प्रतिनिधित्व 2021 में कर जिले को गौरवान्वित किया था,आज प्रो कबड्डी में खेलते हुए नजर आएंगे इस उपलब्धि पर कबड्डी अकादमी के सभी पदाधिकारी और खिलाड़ियों में उत्साह का माहौल है । खुशी के माहौल में विधायक दिनेश राय मुनमुन ने उदय को शुभकामनाएं देते हुए आशीर्वाद प्रदान किया। वही खेल एवं युवा कल्याण विभाग अधिकारी श्रीमती मनु धुर्वे एवं खेल विभाग परिवार, रघु ठाकुर (सचिव जिला कबड्डी संघ) एवं सिवनी कबड्डी अकादमी की एन. आई.ऐस.कोच संगीता सिंह(प्रथम विश्व कबड्डी कप,भारतीय महिला टीम कोच) ने बधाई प्रेषित की है।

## आदित्य विलास शर्मा का आईआईटी में चयन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

नगर के उपनगरीय क्षेत्र भैरोगंज स्थित महाराजबाग निवासी आदित्य विलास शर्मा ने भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान कानपुर द्वारा आयोजित जेईई एडवांस्ड परीक्षा 2025 में सफलता हासिल कर देश के प्रतिष्ठित भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान आई आई टी में प्रवेश का मार्ग प्रशस्त किया, इसके पूर्व उन्होंने जेईई मेंस 2025 में 98.06 प्रतिशत हासिल कर जेईई एडवांस्ड के लिए क्वालीफाई किया था।

चयनित छात्र आदित्य विलास शर्मा डॉ. दादूराम शर्मा (पूर्व विभागाध्यक्ष पी.जी.कॉलेज सिवनी) के नाती तथा सहकारिता विभाग में पदस्थ



वाणीविलास नीलम शर्मा के पुत्र हैं। उनकी इस कुशलतम सफलता पर उनकी बहन डॉक्टर लावण्या शर्मा (मेडिकल कॉलेज नागपुर) भाई डॉक्टर ईशान शर्मा (एम्स भटिंडा), इष्ट मित्रों सहित परिवारजनों, ने शुभकामनाएं देकर उज्जवल भविष्य की कामना की है।

## खेल विद्याओं की चयन प्रक्रिया 25 से संपन्न होगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग सिवनी ने बताया शासन के निर्देशानुसार खेल परिसर कुरई जिला-सिवनी में सत्र 2025-26 के लिये अनुमानित 20 रिक्त सीटों के लिये अनुसूचित जनजाति खिलाडी छात्रों का चयन किया जाना है। जिसमें कक्षा छटवीं से कक्षा नवमीं तक के विद्यार्थी खिलाडियों का चयन किया जाएगा। चयन प्रकिया बैटरी टेस्ट के माध्यम से की जाएगी। कक्षा नवमीं के बाद के खिलाडी का चयन राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर के खेल परिणाम के आधार पर किया जाएगा। मिनी समूह में 11 से 14 वर्ष के खिलाडियों को, जूनियर समूह में 14 से 16 वर्ष खिलाडियों को एवं 16 से 18 वर्ष के खिलाडियों को सीनियर समूह में रख कर चयन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि क्रीडा परिसर में संचालित खेल विद्या अंतर्गत हॉकी, फुटबॉल, ऐथलेटिक्स, खेल विद्याओं की चयन प्रकिया क्रीडा परिसर कुरई के खेल मैदान में जनजातीय वर्ग के छात्रों के लिये 25 जून 2025 को 11 बजे से किया जावेगा।

टेलेंट सर्च, बैटरी टेस्ट एवं प्रतियोगिता के माध्यम से जिले के विकासखण्ड स्तर पर चयन प्रक्रिया संपन्न होगी। जिसमें घंसौर विकासखंड अंतर्गत सीएम राईज स्कूल घंसौर में, धनौरा विकासखंड अंतर्गत सीएम राईज स्कूल धनौरा में, लखनादौन विकासखंड अंतर्गत उत्कृष्ट विद्यालय लखनादौन में, छपारा विकासखंड अंतर्गत सीएम राईज स्कूल छपारा में, केवलारी विकासखंड अंतर्गत आदिवासी बालक छात्रावास केवलारी में दिनांक 23 जून को दोपहर 12 बजे से चयन प्रक्रिया संपन्न होगी। इसी तरह दिनांक 24 जून को विकासखंड बरघाट अंतर्गत आदिवासी बालक छात्रावास बरघाट में एवं कुरई विकासखंड अंतर्गत उत्कृष्ट विद्यालय कुरई में तथा सिवनी विकासखंड अंतर्गत उत्कृष्ट बालक छात्रावास बींझावाड़ा में चयन प्रक्रिया संपन्न होगी।

### व्यवस्थित रूप से संपन्न हुई डीएलएड परीक्षा

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** जिला शिक्षा अधिकारी सिवनी द्वारा जानकारी दी गई कि माध्यमिक शिक्षा मण्डल भोपाल द्वारा आयोजित डी.एल.एड. प्रथम वर्ष की परीक्षा दिनांक 02 जून 2025 को विषय पाठ्यचर्चा शिक्षण संप्रेषण तकनीकी का एकीकरण की परीक्षा जिले के 01 परीक्षा केन्द्र में व्यवस्थित रूप से सम्पन्न हुई। माध्यमिक शिक्षा मण्डल भोपाल द्वारा आयोजित डी.एल.एड. पाठ्यचर्चा शिक्षण संप्रेषण तकनीकी का एकीकरण विषय की परीक्षा में दर्ज 575 विद्यार्थियों में से 571 उपस्थित तथा 04 अनुपस्थित पाये गये। वहीं नकल प्रकरण निरंक रहा।

## स्वस्थ्य यकृत जांच अभियान का शुभारंभ



केवलारी- मध्यप्रदेश शासन स्वास्थ्य विभाग की महत्वपूर्ण योजना स्वस्थ लीवर यकृत जांच अभियान का शुभारंभ डा ए के लाकरा खंड चिकित्सा अधिकारी सिविल हॉस्पिटल ने प्रातः11 वजे नगर के पत्रकारों की उपस्तिथि मे योजना की जानकारी देकर शुभारंभ किया। मध्यप्रदेश शासन स्वास्थ्य विभाग ने स्वस्थ (यकृत)लीवर जांच मिशन एक जून से प्रदेश भर में शुरू किया है। यह मिशन नॉन-अल्कोहलिक फैटी लीवर डिजीज (एनएएफएलडी) के मरीजों की पहचान के लिए है, यह अभियान चलाने वाला देश का पहला राज्य है. इस मिशन के तहत 30 वर्ष से 65 बर्ष आयु के नागरिकों की जांच की जाएगी।शुभारंभ मौके पर मनीष जैन जिलाध्यक्ष श्रमजीवी पत्रकार संघ, रफीक खान ब्लॉक अध्यक्ष श्रम जीवी पत्रकार संघ,रमाशंकर महोबिया बारिष्ठ पत्रकार, पवन यादव अधिवक्ता, डा रश्मि अवधिया महिला चिकित्सक, स्वप्निल काकोडिया, डा गजेंद्र धारवेय ,डा अंकुर उपाध्याय सर्जन, संगीता राय स्टाफ नर्स ,मीना तिवारी एएनएम,मीना ठाकुर डीईओ,सरला अरोरा सहित अन्य कर्मचारी उपास्तिथ थे।

## आयुष्मान कार्ड जारी करने में जिला प्रदेश में अग्रणी

भारत सरकार की महत्वपूर्ण योजना आयुष्मान भारत जनआरोग्य योजना का विस्तार करते हुये स्वास्थ्य सुरक्षा कवच प्रदान करने के लिये 70 वर्ष और उससे अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों एव उनके परिवार को अतिरिक्त 5 लाख तथा वार्षिक टॉप अप कवरेज हेतु आयुष्मान कार्ड बुजुर्गो के सम्मान में आयुष्मान कार्ड बनाने का विशेष अभियान चलाया गया।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

कलेक्टर सुश्री संस्कृति जैन के निर्देशन में जिले के समस्त विभागीय मैदानी स्तर के अधिकारियों एवं कर्मचारियों बी.पी.ओ., ए. पी. ओ.,ए.डी. ई.ओ.,पी.सी.ओ. ग्राम रोजगार सहायक, सचिव ग्राम पंचायत, पेसा मोबिलाईजर द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में घर घर जाकर आयुष्मान कार्ड बनाने का बहुत अच्छा कार्य किया जा रहा है। मैदानी स्तर पर किये गये कार्य की प्रतिदिन मॉनीटरिंग जिला कन्ट्रोल रूम स्थापित कर की गई। सिवनी को राज्य कार्यालय से मिले लक्ष्य के विरूद्व जिला अभियान के दूसरे दिन से 70 बुजुर्गो के आयुष्मान कार्ड बनाने में प्रथम स्थान पर बना हुआ है।

जिले में आयुष्मान भारत ''निरामयम'' योजनार्न्गत अभियान के दौरान 70 वर्ष आयु के नागरिकों आयुष्मान कार्ड का राज्य शासन से निर्धारित लक्ष्य 51934 के विरूद्व 34573 कार्ड बनाये गये है जो कि मध्यप्रदेश में प्रथम स्थान पर सिवनी जिला रहा।



जिले में शेष बचे आयुष्मान कार्ड संबंधित विभागों के माध्यम से निरंतर बनाये जाने हेतु निर्देशित किया गया हैं एवं आयुष्मान कार्ड बनाने का कार्य ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र में लगातार जारी हैं। जिला प्रशासन के द्वारा आम जनता से अपील की गयी है, कि सभी 70 वर्ष से अधिक वर्ष वाले अपना आयुष्मान कार्ड अवश्य बनायें।

### दिग्विजयसिंह पूर्व मुख्यमंत्री का केवलारी आगमन

## मृत युवकों के परिजनों से मिलकर की शोक संवेदना व्यक्त किया

केवलारी- दिनांक 2 जून 2025 को मध्यप्रदेश शासन के पूर्व मुख्यमंत्री कांग्रेस के वरिष्ठ नेता श्री दिग्विजय सिंह का सड़क मार्ग कान्हा नेशनल पार्क से केवलारी आगमन हुआ। सर्व विदित है दिनांक 17 मई 2025 को ग्राम पारसपानी के रूपेश बघेल एवं अमन बघेल की हत्या हो गई थी। शोकाकुल से परिवारजनों से मिलकर के पूर्व मुख्यमंत्री श्री दिग्विजय सिंह ने अपनी शोक संवेदना व्यक्त करते हुए न्याय दिलाने का अवश्वासन दिया।दोपहर 3 वजे केवलारी पहुंचने पर ब्लॉक कांग्रेस कार्यालय मे विधायक ठाकुर रजनीश सिंह , खुराना जिला अध्यक्ष कांग्रेस सिवनी के नेतृत्व में कांग्रेस जनों ने माला पहना कर स्वागत किया । कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि समय कांग्रेस का नहीं है देश मे विषम परिस्थिति बनी हुई है देश में अराजकता का माहौल बना हुआ है, चारों तरफ महंगाई बेरोजगारी की मार है किसान परेशान है, महिला परेशान है, युवा बेरोजगार परेशान



है,कांग्रेस के कार्यकर्ताओं को जमीन पर बेठना पड़ेगा ,मंच छोडना पडेगा ,नेताओ को कार्यकर्ताओं से संपर्क ,संवाद, समन्वय बनाकर पडेगा। संगठन को मजबूत करने के लिये युवाओं की नई पीढ़ी को जिम्मेदारी देना पडेगा।नगर के व्यापारी राजेंद्र जैन, अशीष जैन के परिवार जनो से भेटकर अगले गतंत्व के साथ रवाना हो गये।

## देवी अहिल्या बाई होल्कर जन्मशताब्दी पर पी जी कालेज में कार्यक्रम संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

गत 31 मई को शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय ऑडिटोरियम में पुण्यश्लोक लोकमाता देवी अहिल्या बाई होल्कर जन्म त्रिशताब्दी वर्ष समारोह पर उनके व्यक्तित्व एवं प्रेरणादायी कृतित्व पर आधारित लोकमाता देवी अहिल्या बाई होल्कर जन्मशताब्दी समारोह समिति के तत्वाधान में मनायी गयी । कार्यक्रम के प्रारंभ में भारत माता एवं देवी अहिल्याबाई के छाया चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर पुष्प अर्पित किये । इस गरिमा कार्यक्रम में स्वाती गोड़बोले जी पूर्व महापौर जबलपुर का मुख्य आतिथ्य रहा और कार्यक्रम की अध्यक्षता राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला संघ चालक सुरेन्द्र सिसोदिया जी द्वारा की गयी जबकि कार्यक्रम में श्रीमती निर्मला नायक अधिवक्ता उच्च न्यायालय एवं राज योग शिक्षिका ब्रम्हकुमारी गीता दीदी ने कार्यक्रम में




विशिष्ट आतिथ्य प्रदान किया । संघ मित्रा बिजोरिया जी ने अतिथि परिचय कराया एवं स्वागत के पश्चात जन्मशताब्दी समारोह की संयोजिका श्रीमती रूकमणी सनोडिया ने वर्ष भर चले कार्यक्रमो का वृत्त प्रस्तुत किया । इसके पश्चात कार्यक्रम की मुख्य अतिथि श्रीमती स्वाती गोडबोले जी ने अपने संबोधन में लोकमाता देवी अहिल्याबाई के संपूर्ण जीवन को प्रेरणादायी बताते हुये कहा कि पुण्यश्लोक महारानी अहिल्याबाई होल्कर 31 मई 1725 को अहमदनगर (अहिल्या नगर) के नाम से प्रसिद्ध जनपद के चौंडी गांव में जन्मी थी। यह वर्ष उनके जन्म का त्रिशताब्दी वर्ष है । उनके सुशासन, लोक कल्याणकारी नीतियों एवं आसेतु हिमाचल सांस्कृतिक उत्थान के कार्यो को जन-जन तक पहुंचाने के लिए उनका 300 वाँ जयंती वर्ष संपूर्ण देश मना रहा है।

श्रीमती गोड़बोले ने कहा कि पश्चिमी विद्वानों ने भारत के संबंध में दुष्प्रचार करते हुए कहा कि ₹हिन्दु शासन व्यवस्था अराजक थी₹ , जेम्स मिल ने लिखा था कि ₹भारत नैतिक रूप से खोखला और स्वार्थी समाज था जो शासन योग्य नहीं था₹। जबकि पश्चिमी देशों में धर्म के नाम पर भीषण अत्याचार हो रहे थे । तब भारत में महारानी अहिल्याबाई होल्कर ने लोक कल्याणकारी धर्मराज्य की स्थापना की थी । श्रीमती गोडबोले ने कहा कि आज हिन्दुस्तान को दुनिया का श्रेष्ठ देश बनाना है तो लोकमाता देवी अहिल्या बाई की कल्याणकारी शासन व्यवस्था को अपनाना आवश्यक हो गया है ।

### स्व-सहायता समूहों के माध्यम से आर्थिक गतिविधियों से जुड रही महिलाऐं

## एकता स्व-सहायता समूह की महिलाऐं हुईं आत्मनिर्भर

प्रदेश सरकार महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त कर उन्हें समाज की मुख्य धारा से जोडने के लिए मध्यप्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन संचालित कर रही है। जिसके माध्यम से ग्रामवार महिला स्व-सहायता समूहों को गठित कर स्थानीय महिलाओं को रोजगार मूलक आर्थिक गतिविधियों से जोडा जा रहा है। जिससे महिलाओं की आर्थिक-सामाजिक स्थिति में बडा बदलाव आ रहा है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

ऐसा ही उदाहरण सिवनी जिले के लखनादौन विकासखंड के ग्राम पहाडी के एकता महिला आजीविका स्व- सहायता समूह का भी है। इस समूह से जुडी ग्राम 15 दीदियों द्वारा प्रशिक्षण प्राप्त कर आम, आंवला नींबू आचार, पपीता आचार, लहसुन कटहल, मिर्च मशरूम तथा आंवले का आचार और बेल का जूस, पापड़ वृहद स्तर पर बनाने का कार्य किया जा रहा है।



इन महिलाओं द्वारा बनाये गए उत्पादों की गुणवत्ता तथा विभागीय से ब्रांडिंग से आस-पास के क्षेत्रों में विशेष मांग है।

एकता स्व-सहायता समूह की सभी दीदियां अपने द्वारा उत्पादों के विक्रय से अच्छी आय प्राप्त कर रही हैं। सभी महिलाऐं आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर होकर अपने परिवार को पालन-पोषण में सहयोग कर रही हैं। जबलपुर एवं भोपाल में आयोजित कृषि मेले में भी एकता स्व-सहायता समूह की दीदियों द्वारा बनाये गये उत्पादों को विशेष रूप से सराहा गया है।

## मानदेय रोकने और पद से हटाने की कार्रवाई का विरोध

# रोजगार सहायकों ने की काम बंद हड़ताल

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



मध्य प्रदेश के बालाघाट में सोमवार को प्रदेशव्यापी आंदोलन के तहत रोजगार सहायकों ने काम बंद हड़ताल की। रोजगार सहायकों ने जिला पंचायत सीईओ अभिषेक सराफ को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा।

संघ अध्यक्ष अनिल त्रिवेदी ने बताया कि सोमवार को पूरे प्रदेश में रोजगार सहायकों ने काम बंद कर अपनी व्यथा और मांग को सरकार तक पहुंचाने का काम किया है। यदि इसका जल्द निराकरण नहीं किया जाता है तो संघ के बैनर तले कलम बंद, कम्प्युटर बंद करके अनिश्चितकालीन हड़ताल की जाएगी। जिला पंचायत में ज्ञापन सौंपने के दौरान, जिले की पंचायतों से पहुंचे रोजगार सहायक बड़ी संख्या में मौजूद थे।

पंचायत सहायक सचिव संगठन के जिलाध्यक्ष अनिल त्रिवेदी ने कहा कि प्रदेश में रोजगार सहायकों पर अनुचित कार्रवाई की जा रही है। कटनी, रीवा और अशोकनगर में कई रोजगार सहायकों को पद से हटाया गया है। अधिकारी उन पर दबाव बना रहे हैं। मानदेय रोकने और काटने जैसी कार्रवाई की जा रही है।

त्रिवेदी ने बताया कि पंचायत स्तर पर योजनाओं के क्रियान्वयन में सिर्फ रोजगार सहायक ही नहीं, बल्कि जनपद पंचायत का तकनीकी अमला, पंचायत कर्मचारी और निर्वाचित जनप्रतिनिधि भी जिम्मेदार होते हैं। फिर भी केवल रोजगार सहायकों को निशाना बनाया जा रहा है।

### रोजगार सहायकों की प्रमुख मांगे हैं...

- पंचायत सहायक सचिव के पद पर संविलियन कर जिला संवर्ग ग्रेड-पे दिया जाए
- मृत्यु पर आश्रितों को 5 लाख रूपये की अनुग्रह राशि दी जाए
- पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की 25 अगस्त 2018 और 28 जून 2023 की घोषणाओं को लागू किया जाए
- बिना पक्ष सुने एकतरफा कार्रवाई न की जाए

## भीषण गर्मी में मूक मवेशियों के लिये पानी की व्यवस्था भी नदारद

# साप्ताहिक बाजार में दुकानदारों से हो रही अवैध वसूली



हरिभूमि न्यूज लांजी।

शासन के आदेश को ताक पर रखकर दबंगों द्वारा जबरन साप्ताहिक बाजार में दुकानदारों से अवैध वसूली की जा रही है। वसूली को लेकर निर्धारित वसूली शुल्क से ज्यादा व्यापारियों और किसानों से ज्यादा राशि वसूली जा रही है। मामला नगर परिषद लांजी अंतर्गत आने वाले लांजी साप्ताहिक बाजार का है। यहां नगर परिषद ने बैठकी बाजार और मवेशी बाजार के संचालन के लिए बाजार ठेके पर दिया हुआ है। ठेकेदार यहां पहुंचने वाले किसानों से मन मुताबिक कहीं अधिक राशि वसूल रहा है। लेकिन जिम्मेदार विभाग नप लांजी की ओर से कमीशन के चक्कर में कोई जांच या कार्रवाई नहीं की जा रही है। सूत्रों से मिली जानकारी अनुसार लांजी साप्ताहिक बाजार में बैठकी एवं चावड़ी का 2025-26 का अनुबंध लगभग 43 लाख रूपये की भारी भरकम राशि में ठेकेदार द्वारा किया गया है। परंतु इतनी अधिक राशि में अनुबंध होने के बावजूद यहां व्यापारियों और ग्राहकों के लिये कोई सुविधा मौजूद नहीं है।

### यह निर्धारित की गई है राशि

नगरपालिका से प्राप्त जानकारी के अनुसार मवेशी बाजार को ठेके पर देने के पूर्व ठेकेदार के साथ अनुबंध किया गया है। अनुबंध के अनुसार क्रेता व विक्रेता किसानों से वसूल की जाने वाली राशि निर्धारित की गई है। जिसमें बिना पाल, तिरपाल वाली छोटी दुकानों से जीएसटी सहित 12 रूपये प्रति दुकान एवं बड़ी दुकानों से प्रति दुकान 35 रूपये जीएसटी सहित वसूल करना निर्धारित किया गया है। वहीं फेरी वाले अस्थाई दुकानदारों से 24 रूपये प्रति दुकानदार निर्धारित हैं। मवेशियों के क्रेताओं से साधारण मवेशियों जैसे बैल, और बोदे के 180 रुपए व छोटे मवेशियों जैसे बकरी 70 रूपये नग एवं मुर्गी वालों से 10 रूपये प्रति नग निर्धारित किया गया है। जानकारी अनुसार ठेकेदार द्वारा अपनी दबंगई का फायदा उठाते हुए मवेशी के क्रेताओं और विक्रेताओं दोनो से शुल्क वसूला जा रहा है जो नियम विरूद्ध है।

### तय रेट से ज्यादा की जा रही वसूली

नगर परिषद द्वारा अनुबंध किये जाने के बाद ठेकेदार को व्यापारियों से राशि वसूलने के लिये जो रेट लिस्ट दी गई है ठेकेदार द्वारा उससे कहीं अधिक राशि वसूल कर व्यापारियों को लूटने का कार्य कर रहा है। वहीं इस संबंध में नगर परिषद के जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों को भी पूरी जानकारी है परंतु उक्त ठेकेदार के विरूद्ध कोई भी जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी कर्मचारी अपना मुंह नहीं खोल सकते, क्योंकि लांजी साप्ताहिक बाजार का 2025-26 जो अनुबंध हुआ है वह जिस ठेकेदार के हाथों में है उसे क्षेत्र के लोग भलीभांति परिचित है।

### महिलाओं के लिये भी मुसीबतें

उल्लेखनीय है की लांजी के साप्ताहिक बाजार में क्षेत्र के चारों ओर से लोग सप्ताह भर की खरीदी करने पहुंचते है। खासकर महिलाएं बाजार में ज्यादा संख्या में पहुंचती है परंतु भारी भरकम राशि में अनुबंध होने के बावजूद बाजार में महिलाओं के लिये कोई व्यवस्था मौजूद नहीं है। भीषण गर्मी में अगर किसी को पानी प्यास लग जाए तो पानी मिलना संभव नहीं। या किसी को उल्टी दस्त या अन्य कोई परेशानी हो जाए तो शौचालय नहीं है ऐसे में लांजी के साप्ताहिक बाजार में महिलाओं को हमेशा परेशानी का सामना करना पड़ता है। दूसरी ओर भीषण गर्मी के चलते यहां क्रय विक्रय के लिये लाये जाने वाले मूक मवेशियों की प्यास बुझाने के लिये पानी की कोई व्यवस्था नहीं है।

### जिम्मेदार झाड़ लेते है पल्ला

लांजी साप्ताहिक बाजार में फैली अव्यवस्थाओं और अवैध वसूली को लेकर जब नगर परिषद के जिम्मेदारों से कोई सवाल किया जाता है तो उनके द्वारा अपनी जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ते हुए संतोषजनक जवाब नहीं दिया जाता जिसके कारण दबंग ठेकेदारों के अवैध वसूली के हौसले दिनों दिन बुलंद होते जा रहे है।

## पत्रकार प्रकाश दुबे को मातृत्व शोक



**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** जिले के पत्रकार बालाघाट निवासी पत्रकार प्रकाश दुबे की माताजी सत्यवंती दुबे का निधन सोमवार की अलसुबह हो गया। वे पिछले कुछ समय से गंभीर रूप से बीमार थी, गत दो दिवस से गोंदिया के नीजी अस्पताल में उपचार के दौरान अंतिम सांस ली। पार्थिव शरीर का अंतिम संस्कार शाम को किया गया। जानकारी अनुसार, सत्यवंती दूबे पति धनेश्वर प्रताप दुबे उम्र 72 वर्ष दिनदयाल पूरम कालोनी बालाघाट निवासी हैं, जिन्होने दुबे परिवार को एकसूत्र में बांधे हुए रखी थीं, उन्होने अपने पिछे तीन पुत्रों एवं बेटी-बहनोई जिसमें पुत्र दिलीप दुबे, नंदकिशोर दुबे, पत्रकार प्रकाश दुबे व बहनोंई सुधीर तिवारी का भरापूरा परिवार को छोड़ गई, उनके निधन से दुबे परिवर में शोक की लहर हैं। उनके देह शरीर का अंतिम संस्कार 2 जून की शाम 5 बजे रिती रिवाज के अनुसार बालाघाट के जागपुर घाट में पंचतत्व में विलीन हो गई। इस मौके पर उपस्थित जनों के द्वारा श्रृद्धाजंली अर्पित की गई।

## गॉर्डन टोला गर्रा आंगनवाड़ी में रेडी टू ईट का किया वितरण

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

2 जून सोमवार को आंगनवाड़ी केन्द्र क्रमांक 05 गॉर्डन टोला गर्रा सेक्टर बेहरई परियोजना लालबर्रा में ऑगनवाड़ी केन्द्र में आने वाले बच्चों को 15 दिवस का अवकाश मिलने के बाद उन्हें 3-6 वर्ष के बच्चों के लिए रेडी टू ईट का वितरण किया गया जिसमें ग्राम गर्रा की वार्ड पंच श्रीमती जुबेदा शाह, श्रीमती दुर्गा बंसारे, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता ममता बाहेश्वर, सहायिका शाहनाज खान, शिक्षिका किरण त्रिवेदी एवं ग्राम के अन्य गणमान्य नागरिको की उपस्थिति में रेडी टू ईट का वितरण किया गया।



## पूर्व विधायक निवास पर संवाद बैठक का आयोजन



**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** बालाघाट विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक अशोक सिंह सरस्वार के गोंदिया रोड स्थित निवास पर रविवार को चाय पर चर्चा बैठक आमंत्रित की गई। जिसमें पूर्व विधायक अशोक सरस्वार, जिला पंचायत अध्यक्ष सम्राट सरस्वार, प्रकाश चतुरमोहता, नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष भीम फूलसुंघे, वरिष्ठ नेता सुशील पॉलीवाल, जिला कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ नेता रहीम खान, जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष जुगल शर्मा, ब्लाक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष श्याम पंजवानी, पार्षद पन्ना शर्मा, पार्षद छबिराम नागेश्वर, पूर्व पार्षद कल्लू निर्मल सोनी, पूर्व पार्षद संतोष बाहेश्वर, पूर्व पार्षद रामभाऊ, राजेश ठाकुर, इत्यादि लोग बैठक में भाग लेकर राजनीतिक व सामाजिक विषय पर चर्चा करते हुए कांग्रेस पार्टी की स्थिति पर विचार मंथन किया और अपने अपने अनुभव को सामने रखा। सभी लोगों ने माना की राजनीति में सफलता के लिये संगठन का मजबूत होना अतिआवश्यक है। पार्टी के विचारधारा व कार्यक्रम संगठन के माध्यम से ही जनता के बीच जाते है। संगठन सामाजिक हो या राजनीतिक पदाधिकारियों के बीच आपसी संवाद की स्थिति हमेशा बनी रहना चाहिये ताकि किसी भी प्रकार की समस्या के समाधान का मार्ग चर्चा के माध्यम से निकाला जा सके। विशेषकर राजनीति में सक्रिय लोगों को जनता के साथ अपने संवाद को बनाये रखने के लिये हर स्तर पर कार्य करने की आवश्यकता है। जिसकी वर्तमान में कमी महसूस की जाती है। इसप्रकार की चर्चा बैठक आगे भी दो या तीन माह में एक बार आयोजित होते रहना चाहिये ताकि चुनौतियों से निपटने का मार्ग प्रशस्त हो सके।

# विद्यालयों में लेट लतिफी से पहुंचे शिक्षक, शिक्षिकाएं और समय से पूर्व चले गए?

### नेवरगांव (ला.) में प्राथमिक, माध्यमिक और उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कार्यालयीन समय से पहले बंद. गेट में लगे दिखे ताले

हरिभूमि न्यूज लालबर्रा।



नए शिक्षण सत्र की शुरुआत शुरू हो चुकी है और 2 मई दिन सोमवार से मध्य प्रदेश के समस्त शासकीय स्कूल खुल चुके हैं। मीडिया कवरेज के दौरान देखने में आया कि लालबर्रा क्षेत्र के अधिकांश ग्रामों के स्कूलों में प्राथमिक शाला माध्यमिक शाला और उच्चतर माध्यमिक शाला कार्यालयीन समय से पूर्व ही बंद कर दिए गए और गेट में ताला लटकता हुआ दिखाई दिया, जो मध्य प्रदेश स्कूल शिक्षा विभाग के दिशा निर्देशों की अवहेलना है। नगर मुख्यालय से लगभग 8 किलोमीटर की दूरी पर स्थित ग्राम नेवरगांव ला. में प्राथमिक शाला माध्यमिक शाला और उच्चतर माध्यमिक शाला निर्धारित कार्यालयीन समय से पहले बंद कर दिए गए और स्कूलों के गेट में ताले लटके दिखे जिसकी सूचना मीडिया प्रतिनिधि द्वारा ग्राम पंचायत नेवरगांव के सचिव को दी गई और समस्त स्कूलों का मीडिया प्रतिनिधि द्वारा पुनः निरीक्षण किया गया और देखा गया कि स्कूलों के गेट पर ताले लटके दिखे जो घोर लापरवाही की ओर इशारा करते हैं । उक्त मामले पर मीडिया द्वारा जिला शिक्षा अधिकारी बालाघाट से चर्चा की गई और उन्हें स्कूलों की वस्तुस्थिति से अवगत करा दिया गया जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि समस्त स्कूलों को निर्देश जारी कर दिए गए हैं की कार्यालय के समय पर सभी कर्मचारी स्कूलों में उपस्थित रहे अब देखना यह होगा कि जिला शिक्षा अधिकारी इस पूरे मामले को कितनी गंभीरता से लेते है और कर्तव्य के निर्वहन में घोर लापरवाही बरतने वाले शिक्षक शिक्षिकाओं पर क्या कार्यवाही निर्धारित करते है। लालबर्रा क्षेत्र के अधिकांश स्कूलों में हो रही घोर लापरवाही से बालाघाट कलेक्टर मृणाल मीणा को भी अवगत करा दिया गया है और उन्होंने मीडिया को जांच कर कार्रवाई का भरोसा दिलाया है।



## कैडेट्स 0.22 राईफल एवं स्पोर्टस राइफल से हुए परिचित

# एनसीसी के संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर का तीसरा दिन

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



जिले में एनसीसी का 10 दिवसीय वार्षिक प्रशिक्षण शिविर क्रियान्वित है। सोमवार को एनसीसी के दस दिवसीय 99वां संयुक्त वार्षिक एनसीसी प्रशिक्षण शिविर के तीसरे दिन प्रातः 05 बजे शारीरिक व्यायाम एवं पीटी से शुरुवात की गई। जिसमें एनसीसी कैडेट्स को अपने शरीर को स्वस्थ रखने के लिये व्यायाम करवाया गया जिससे शारिरीक एवं मानसिक संतुलन बना रहें । तत्पश्चात सभी कैडेट्स को ड्रिल का प्रशिक्षण देकर एनसीसी कक्षा का संचालन किया। प्रशिक्षक हवलदार हंसराज द्वारा शस्त्र प्रशिक्षण में कैडेट्स को 0.22 राईफल एवं स्पोर्टस राइफल का परिचय कराया गया। शिविर में गेस्ट लेक्चर में कैडेटस के बैंकिग संबंधित संदेह का निराकरण किया तथा साइबर क्राइम के संबंध में कैडेटस का मार्गदर्शन किया जिससे कैडेटस भविष्य में होने वाले साइबर क्राइम से सर्तक रहे एवं बच सकें। साथ ही खेलकुल गतिविधि में वालीवाल, रस्साकसी, खो-खो एवं फुटबाल का भी अभ्यास कराया गया। इस अवसर पर शिविर एनसीसी अधिकारी मोहम्मद आबीद, खिलेन्द्रपाल बिसेन, अन्नु राहंगडाले एवं अन्य एनसीसी अधिकारी के साथ हवलदार, मनोहर, हवलदार रशपाल सिंह एवं अन्य सहयोगी पीआई भी उपस्थित रहें।

## कृषको को कम लागत पर अधिक उत्पादन प्राप्त करने के लिए कृषि तकनीक से कराया अवगत

# विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत कृषि विभाग ने किया कार्यक्रम का आयोजन



**हरिभूमि न्यूज खैरलांजी ।** विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत किसान कल्याण एंव कृषि विभाग के द्वारा रविवार को खैरलांजी तहसील के अंतर्गत आने वाले ग्राम आरंभा एवं खरखडी में कार्यक्रम आयोजित कर कृषको से संवाद स्थापित किया गया। विकसित कृषि संकल्प अभियान का शुभारंभ 29 मई से शुरू हुआ जो 12 जून तक जारी रहेगा। इस दौरान दल में मौजूद कृषि विभाग के पदाधिकारीयो के द्वारा अपने अपने विभाग में संचालित योजनाओ की विस्तृत जानकारी कृषको को दि। एंव कृषको को स्वयं बीज तैयार करने की बीज शोधन विधी को प्रेक्टिकल कर बताया गया ताकि कृषक स्वयं बीज बनाकर खर्च को बचाये और आत्मनिर्भर बन सके ।साथ ही गाय के गोबर एंव मुत्र से बनने वाली जीवामृत, बीजामृत, घनजीवामृत, दसप्रर्णी निमास्त्र, बम्हास्त्र के बारे विस्तृत रूप से बताया गया ताकि भूमि की उर्वरक शक्ति और स्वस्थ में सुधार हो जिससे कृषक कम लागत पर अधिक उत्पादन प्राप्त कर सके । एंव कृषि की आधुनिक पद्धति एंव नयी तकनीक से कृषको को अवगत कराया जिससे किसान उत्पादन में बढौतरी कर अधिक लाभ प्राप्त कर सके। इस दौरान के.एल. कुलस्ते जिला कृषि अभियांत्रिकी विभाग, डा. धनराज कटले सहायक प्राध्यापक मुरझड फार्म, डा.शुभम ऊके पशु चिकित्सक अधिकारी खैरलांजी, विनिता रंगारी वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारी खैरलांजी, आर.पी. मर्सकोले ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी खैरलांजी, एस.आर.मर्सकोले ग्रामीण उद्यान अधिकीरी खैरलांजी, आकाश धवलकर फसल बीमा सलाहकार, बी एस गौतम सहायक पशुचिकित्सक अधिकारी खैरलांजी , खरखडी सरपंच छाया नरेंद्र रांगहडाले, आरंभा सरपंच राजेश्वरी तिवारीलाल लिल्हारे सहित अन्य कृषक मौजूद रहे।

## प्रशासनिक कार्य व्यवस्था की दृष्टि से कलेक्टर ने किए बदलाव

**बालाघाट।** कलेक्टर श्री मृणाल मीना द्वारा प्रशासनिक कार्य व्यवस्था की दृष्टि से दो प्रशासनिक अधिकारियों की कार्य व्यवस्था में परिवर्तन किया गया है। 30 मई 25 को कलेक्टर श्री मीना ने आदेश जारी करते हुए संयुक्त कलेक्टर श्री केसी ठाकुर की नवीन पदस्थापना एसडीएम कटंगी के रूप में एवं एसडीएम कटंगी श्री मधुवंत राव धुर्वे को संयुक्त कलेक्टर बालाघाट में नवीन पदस्थापना के आदेश जारी किए गए है। यह आदेश आगामी आदेश तक लागू रहेगा।

# विशाल दमाहे ने सहायक प्राध्यापक (अंग्रेजी) परीक्षा में पाया 13वां स्थान

**हरिभूमि न्यूज हट्टा।** जिलावासियों के लिए गर्व का क्षण तब आया जब समनापुर गांव के होनहार युवा विशाल दमाहे ने मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित सहायक प्राध्यापक (अंग्रेजी) परीक्षा 2022 में , 13वाँ स्थान प्राप्त कर क्षेत्र का नाम रोशन किया। कठिन संघर्ष और समर्पण की कहानी कहने वाले विशाल आज हजारों युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत बन चुके हैं।विशाल दमाहे एक साधारण किसान परिवार से आते हैं। उनके पिता श्री कैलाश दमाहे तथा माता श्रीमती पुष्पा दमाहे ने अपने बेटे को सदैव नैतिक मूल्यों, ईमानदारी और परिश्रम की शिक्षा दी।उनकी प्रारंभिक शिक्षा सरस्वती शिशु मंदिर, समनापुर में हुई। इसके बाद उन्होंने जवाहर नवोदय विद्यालय, वारासिवनी से अपनी माध्यमिक, उच्च माध्यमिक की शिक्षा पूर्ण की।उन्होंने स्नातक की पढ़ाई शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, सिवनी से पूरी की और परास्नातक अंग्रेजी साहित्य में महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा से किया।विशाल का जीवन कठिनाइयों से भरा रहा, लेकिन उन्होंने कभी हार नहीं मानी। आर्थिक कठिनाइयों, सीमित संसाधनों और ग्रामीण पृष्ठभूमि के बावजूद उन्होंने अपने लक्ष्य की ओर निरंतर बढ़ते हुए सफलता हासिल की।वर्तमान में वे शासकीय महाविद्यालय हट्टा में अतिथि विद्वान के रूप में सेवाएं दे रहे हैं।विशाल की इस यात्रा में कई शिक्षकों और वरिष्ठों का योगदान रहा। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय बड़े पापा श्री उदेलाल दमाहे, मौसाजी श्री बंशी लाल बोहने, श्री कृष्ण कुमार सुलाखे, प्रो. सत्येन्द्र कुमार शेंडे, प्रो. तेजेन्द्र सिंह शिव, प्रो. प्रवीण कुमार कौशले, एवं श्री मुकेश कुमार बिसेन जैसे मार्गदर्शकों को दिया है, जिनके सहयोग, परामर्श और प्रेरणा ने उन्हें नई ऊँचाइयों तक पहुँचाया।उनकी सफलता में शासकीय महाविद्यालय हट्टा परिवार की शुभकामनाओं और सहयोग का भी महत्वपूर्ण योगदान रहा है, जो सदैव उनके साथ खड़ा रहा। विशाल का कहना है – "अगर आपके इरादे मजबूत हैं, तो कोई भी परिस्थिति आपकी राह नहीं रोक सकती। लगातार मेहनत, आत्मविश्वास और सही मार्गदर्शन ही सफलता की कुंजी है।



DGET/NCVT/ से मान्यता प्राप्त
प्रवेश प्रारंभ
जिले की एक मात्र ISO-9001-2008 प्रमाणित संस्था
अरिहंत प्रा.आई.टी.आई.
लालबर्रा रोड गर्रा बालाघाट फोन - 6263882617, 9425875737
- ट्रेड -
इलेक्ट्रीशियन
फिटर
अरिहंत इंस्टीट्यूट ऑफ कम्प्यूटर्स & आई.
फोन - 7999525911, 9425892823
BCA
M.Sc.(CS)
DCA
PGDCA
विशेषताएं:-

Approved by AICTE, New Delhi, Affiliated to RGPV Bhopal & DTE MP
सतपुड़ा इंजीनियरिंग कॉलेज
प्रवेश प्रारंभ
B.Tech. 4 Year Degree Course JEE / 12th (PCM) Pass
& Polytechnic 3 Year Degree Course 10th (PCM) Pass
कम्प्यूटर साइंस माईनिंग सिविल इलेक्ट्रिकल मैकेनिकल
सतपुड़ा कैम्पस, लालबर्रा रोड, मांझापुर बालाघाट (म.प्र.) 9425836824, 6262604111 Web : www.satpudaengineeringcollege.com